51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.8 °c | अधिकतम 32.2 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:19, सूर्यास्त : 7:14 | वर्ष : 51/ अंक : 151 | शुक्रवार, 02 जून 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

जिस रिश्ते में हर बात का मतलब समझाना पड़े और सफाई देनी पड़े, वो रिश्ते सुकून के रिश्ते नहीं बल्कि बोझ होते हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध पर मेरा भी वही रुख है जो भारत सरकार का इस मुद्दे पर है : राहुल गाँधी

बात को दिल तक ले जाने में वक़्त तो लगता है.....

महिला पहलवानों पर आज कुरुक्षेत्र में होगा फैसला

▶ सौरम गांव की सर्वखाप महापंचायत में सरकार के खिलाफ खाप चौधरियों में दिखा आक्रोश ▶ सर्वखाप प्रतिनिधि भाजपा सांसद बृजभूषण के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर राष्ट्रपति और ग़ृहमंत्री से मिलेंगे ▶ बोले राकेश टिकैत-महिला पहलवानों की जाति तिरंगा, सरकार इसे बांटने का काम न करें

शाहपुर, 01 जून (बु.)। पहलवानों के मुद्दे पर सर्वखाप मंत्री का दर्जा प्राप्त गांव सौरम में बुलाई गई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत में महिला पहलवानों के पक्ष में आवाज तो बुलंद की गई, लेकिन आंदोलन का निर्णय शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में होने वाली दूसरी महापंचायत के लिए टाल दिया गया। सर्वखाप के चौधरियों ने कहा कि महिला पहलवानों की लड़ाई को जरूर लड़ा जायेगा, इसके लिए जल्द ही सर्वखाप प्रतिनिधि राष्ट्रपति और गृहमंत्री से मिलेंगे। भाकियू प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि आरोपी सांसद बृजभूषण के खिलाफ कार्यवाही न होने पर इस लड़ाई को इंटरनेशनल रेसलिंग फेडरेशन तक ले जाया जायेगा। भाकियू अध्यक्ष और बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि सरकार को एक बार फिर -जुकना पड़ेगा, क्योंकि यह लड़ाई बेटियों को न्याय दिलाने के लिए हमारी अस्मिता से जुड़ी है।

गुरूवार को सौरम में आयोजित सर्वखाप की पंचायत में यूपी सहित दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और

पंजाब से सर्वखाप के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वखाप महापंचायत में चौधरियों ने सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का खुलकर इजहार किया। यह पहले ही साफ हो गया था कि सौरम की महापंचायत में कोई निर्णय नहीं होने वाला है, क्योंकि वक्ताओं ने पहले ही बोल दिया था कि महिला पहलवानों के मुद्दे पर ही पहले से ही कुरूक्षेत्र में महापंचायत दो जून को प्रस्तावित है। सौरम में तो सर्वखाप की आपातकालीन बैठक बुलाई है। आखिर में महापंचायत निर्णय के आधार पर बेनतीजा ही रही। पंचायत में एलान किया गया कि खाप चौधरियों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति और गृहमंत्री से मुलाकात करेगा। महापंचायत में अलीगढ़ के टप्पल से पहुंचे भाकियू प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि देश की महिला पहलवानों को पुलिस और सरकार के नकारात्मक रवैये से कतई हताश होने की आवश्यकता नहीं है। पूरा देश उनके साथ खड़ा है और हम उनकी लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे भी। शेष : पृष्ठ- 4 पर

पंजाब सीएम मान का जेड+ सुरक्षा लेने से इनकार

चंडीगढ़,1 जून (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार की जेड प्लस सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया है। केंद्र सरकार ने खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर बीते सप्ताह मुख्यमंत्री मान को जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला लिया था और इस संबंध में पंजाब सरकार को पत्र भी भेज दिया था। खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी से उपजे हालात के आधार पर भगवंत मान की सुरक्षा बढ़ाने की सिफारिश की थी। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री मान को पंजाब पुलिस की सीएम सुरक्षा टीम द्वारा मुहैया कराई जा रही सुरक्षा पर्याप्त और संतोषजनक है। ऐसे में मुख्यमंत्री को पंजाब और दिल्ली में जेड प्लस सुरक्षा की जरूरत नहीं है। उधर, आम आदमी पार्टी ने कहा गया है कि जेड प्लस सुरक्षा लेने के बाद मुख्यमंत्री को आम लोगों से सीधे संवाद करने में कठिनाई होगी। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए अपना विशेष कमांडो दस्ता तैयार किया है, जो दिन-रात मुख्यमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों को मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। जेड प्लस सुरक्षा के तहत भगवंत मान की सुरक्षा में सीआरपीएफ के 55 और एनएसजी के 10 कमांडो तैनात होने थे।

2660 फर्जी कंपनियां बनाकर 15 हजार करोड़ रुपये का फ्रॉड

▶ नोएडा में 6 लाख पैन कार्ड डेटा बरामद: जीएसटी घोटाले में आठ अरेस्ट

नोएडा,1 जून (एजेंसी)। ढाई हजार से अधिक फर्जी कंपनी बनाकर 15 हजार करोड़ से अधिक का फ्रॉड करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का नोएडा पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपियों ने पांच साल में फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी रिफंड आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ का चूना लगाया। कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने इस गिरोह में शामिल महिला समेत आठ जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीन सीए समेत सात आरोपी फरार हैं। जालसाजों के पास करीब छह लाख से अधिक लोगों का पैन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल आदि का डेटा था। आरोपियों के पास से 12.60 लाख रुपये, 2660 फर्जी जीएसटी फर्म के कागजात, 32 मोबाइल और तीन कारें बरामद की गई है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि फर्जी पैन कार्ड का इस्तेमाल कर फर्जी कंपनी बनाने की शिकायत कोतवाली सेकटर-20 में दर्ज की गई थी। दिल्ली से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गिरोह के सरगना दीपक मुरजानी, पत्नी विनीता, आकाश सैनी, विशाल, मोहम्मद यासीन शेख, राजीव (सीए), अतुल सेंगर और अश्वनी के रूप में हुई है। वहीं तीन सीए समेत सात आरोपी फरार हैं। इन जालसाजों ने दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर ऑफिस खोल रखा था। जालसाज फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी नंबर ले लेते थे और फर्जी बिल का इस्तेमाल कर जीएसटी रिफंड सरकार से प्राप्त करते थे। पुलिस की जांच में अब तक 2660 फर्जी कंपनियों के बारे में पता चला है। इन कंपनियों में चार से पांच करोड़ का फर्जी बिल बनाकर जीएसटी रिफंड लिया जा रहा था। इस गिरोह में पचास से अधिक लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है। जिसमें 12 से अधिक सीए शामिल हैं। पुलिस व जीएसटी अधिकारियों की प्राथमिक जांच में पांच साल में 15 हजार करोड़ से अधिक का फ्रॉड करने का पता चला है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इस मामले में सेंट्रल जीएसटी, आयकर विभाग से लेकर अन्य एजेंसियों को जानकारी दी गई है। नोएडा पुलिस की टीम ने इस गिरोह का खुलासा करने के लिए दिल्ली, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ से लेकर कई राज्यों में जाकर पूछताछ की और दबिश दी। गिरोह दो तरीके से फ्रॉड करता था। गिरोह की पहली टीम फर्जी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल आदि का इस्तेमाल कर फर्जी कंपनी बनाती थी। इसके बाद इसका जीएसटी नंबर लिया जाता था। वहीं दूसरी टीम फर्जी कंपनी के नाम पर फर्जी बिल बनवाकर जीएसटी रिफंड प्राप्त कर सरकार को चूना लगाती थी। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि जालसाज फर्जी कंपनियों को जीएसटी नंबर के साथ ऑन डिमांड बेच देते थे। इन कंपनियों के नाम पर पैसे जमा कर काले धन को सफेद किया जा रहा था। पुलिस इन जालसाजों से एक से डेढ़ लाख रुपये फर्जी कंपनी खरीदने वालों की जांच में जुटी है।

एमडीए ने चार अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं

▶ सचिव आदित्य प्रजापति के नेतृत्व में गरजा बुलडोजर
▶ चार कॉलोनियों में 95 बीघा भूमि पर थी अवैध प्लाटिंग
▶ बिना नक्शा पास कॉलोनियों पर चलता रहेगा बुलडोजर

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। शहर और आसपास उग रही अवैध कॉलोनियों पर काफी अर्से बाद मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला तो अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मचा रहा। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर के साथ कई स्थानों पर धावा बोलकर वहां की गई अवैध प्लाटिंग तथा निर्माण को जमींदोज करा दिया। इस दौरान चार अवैध कॉलोनियों में करीब 95 बीघा भूमि पर वहां की गई प्लाटिंग तथा किए गए निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया।

शहर के आसपास तथा जिले में तमाम स्थानों पर बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। पिछले दिनों एमडीए ने इन कॉलोनियों को लेकर सर्वे कराया था। इसमें बड़ी संख्या में ऐसी कॉलोनियों को चिह्नित किया गया था। इस बीच चुनाव के चलते इन पर कार्रवाई की प्रक्रिया रुक गई थी। ऐसे में आज मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण फिर से हरकत में आया और अपने विकास क्षेत्र के थाना नई मण्डी एवं कोतवाली इलाकों में भारी पुलिस बल को साथ लेकर अभियान चलाया। इस दौरान शहर के पासा ग्राम मुस्तफाबाद, गन्दे नाले के पास में लगभग 10 बीघा भूमि पर अंकित बंसल पुत्र स्व. ओमप्रकाश बंसल द्वारा प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अनाधिकृत रूप से अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मिमलाना रोड पर खसरा नंबर-503 की लगभग 15 बीघा भूमि पर गजेन्द्र सिंह ठाकुर, कमल प्रधान द्वारा एवं मिमलाना रोड पर सम्राट इण्टर कॉलेज के सामने खसरा नंबर- 492, 494म, 495, 496, 498 की लगभग 35 बीघा भूमि पर राजवीर, नीरज व अन्य लोगों द्वारा किए गए अवैध प्लाटिंग व निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इसके अलावा ग्राम

शाहबुद्दीनपुर के खसरा नं- 367, 368 की लगभग 35 बीघा भूमि पर सुरेन्द्र, पुष्पेन्द्र, सुधीर, निशान्त, महेन्द्र व अन्य द्वारा अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना विकसित की जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया। एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति ने बताया कि उक्त अवैध निर्माण व प्लॉटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। इसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त ध्वस्तीकरण आदेश निर्गत किये गये। परन्तु अवैध निर्माण तथा कालोनी के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध निर्माण व प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। इसके अलावा उनके द्वारा इनके तलपट मानचित्र स्वीकृत कराने को लेकर भी कोई आवेदन नहीं किया गया। इसके चलते आज मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त चार स्थलों पर लगभग कुल 95 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध निर्माण व प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। अवैध कालोनियों के ध्वस्तीकरण के समय प्राधिकरण के सचिव आदित्य प्रजापति, उप-जिलाधिकारी सदर परमानन्द झा, तहसीलदार सदर अभिषेक शाही, सहायक अभियन्ता भरत पाल, अवर अभियन्ता जयकरन सिंह, विनय गर्ग, राजीव त्यागी, अवनीश गर्ग के साथ-साथ स्थानीय सुपरवाईजर आदि भी उपस्थित रहे। एमडीए द्वारा आज की गई कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मचा रहा। एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति ने कहा कि चिह्नित अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि किसी भी स्थान पर प्लॉट आदि खरीदते समय यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त कॉलोनी में मानचित्र विकास प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं। ऐसा ना होने पर उनके द्वारा खरीदे गए प्लॉट आदि का पैसा फंस सकता है।

पुरकाजी में सौ बीघा भूमि से हटवाया अतिक्रमण

▶ लक्सर तक हाईवे के चौड़ीकरण को चलाया गया अभियान
▶ दुकानदारों के अनुरोध पर कुछ स्थानों पर कल तक का दिया समय
▶ लोनिवि तथा एमडीए के अधिकारियों की रही मौजूदगी

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। पुरकाजी से हरिद्वार जिले के लक्सर तक बनने वाले चौड़े राजमार्ग के निर्माण लिए लोक निर्माण विभाग की टीम ने अतिक्रमण हटवाया। बृहस्पतिवार को चले इस अभियान के तहत करीब सौ बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुरकाजी-लक्सर मार्ग पर व्यापारियों की ओर से मोहलत मांगने पर टीम ने दो दिन में स्वयं अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत उपजिलाधिकारी सदर परमानंद झा ने पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की। इस स्थान पर की सूचना के तहत वहां के क्षेत्रवासियो को नोटिस देकर आगाह करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये थे। दी गयी समय सीमा के पश्चात भी अतिक्रमण न हटाये जाने पर उपजिलाधिकारी सदर के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम द्वारा पुरकाजी से लक्सर रोड पर अतिक्रमण कर कब्जाई गई सरकारी भूमि का चिह्नांकन करके भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। इसी क्रम मे लगभग 100 बीघा भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को एमडीए सचिव सचिव आदित्य प्रजापति की उपस्थिति में खाली करवाया गया। पुरकाजी खादर तिराहे से लेकर उत्तराखंड की सीमा में लक्सर तक 15 किलोमीटर तक एनएच 334 हाइवे पर चौड़ीकरण होना है। इसके लिए लोकनिर्माण विभाग की ओर से करीब तीन माह से गांव हरीनगर झबरपुर में चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। गांव सेठपुरा तक भी करीब चार माह पूर्व विभाग की ओर से अतिक्रमण की सीमा में आए भवनों को चिन्हित कर निशानदेही की जा चुकी है। कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी सदर परमानन्द झा के निर्देश पर नायब तहसीलदार मनोज कुमार के नेतृत्व में लोकनिर्माण विभाग की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ लक्सर मार्ग पर पहुंची। इसके बाद टीम ने व्यापारियों को चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटा लेने की हिदायत दी। कई जगह से अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटवाया। बाद में कुछ दुकानदारों द्वारा अधिकारियों से स्वयं अपने अतिक्रमण हटा लेने का आश्वासन देते हुए समय देने का अनुरोध किया। इस पर नायब तहसीलदार ने व्यापारियों को शुक्रवार शाम तक अतिक्रमण हटा लेने की हिदायत दी। इस मौके पर लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता राम सेवक, तारकेश्वर सिंह, अवर अभियंता रुचि भारती, सुरेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

दूसरे समुदाय के युवक के साथ घूम रही युवती को लेकर हंगामा

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधी कालोनी में घूम रहे युवक युवती को हिन्दू संगठन के लोगों ने दबोचकर पुलिस को सांप दिया। युवक गैर सम्प्रदाय का था। पुलिस ने युवती के परिजनों को बुलाकर उसे उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवक के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। आज गांधी कालोनी में गैर सम्प्रदाय का युवक एक हिन्दू युवती के साथ घूम रहा था। हिन्दू संगठन से जुडे लोगों को जानकारी मिली तो, उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों से पूछताछ की। शुरू में तो युवक ने बरगलाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान जल्द ही सामने आ गई। हंगामा होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक युवती को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने युवती के परिजनों को बुलाकर उसे उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवक के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

महिला ने नायब तहसीलदार पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

जानसठ, 1 जून (बु.)। गांव ककरौली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने नायब तहसीलदार पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। महिला ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसका नायब तहसीलदार के यहां कोर्ट में विवाद चल रहा है। बृहस्पतिवार की दोपहर वह मुकदमे की पैरवी के लिए तहसीलदार की कोर्ट में पहुंची थी। आरोप है कि नायब तहसीलदार ने उसके साथ गलत हरकत करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्द कहते हुए वहां से चले जाने को धमकी दी। पीड़िता ने नायब तहसीलदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है। तहसीलदार संजय सिंह ने कहा कि बृहस्पतिवार को महिला का नायब तहसीलदार की कोर्ट में भूमि संबंधित मुकदमा था। महिला ने अपने पक्ष में मुकदमा दर्ज कराने के लिए नायब तहसीलदार पर झूठा आरोप लगाया है।

पहलवानों के आरोप पर बोले बृजभूषण सिंह: दिल्ली पुलिस जांच कर रही है, दोषी हुआ तो फांसी पर लटक जाऊंगा

नई दिल्ली,1 जून (एजेंसी)। पहलवानों के आरोपों को लेकर एक बार फिर सांसद बृभूषण शरण सिंह बोले हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक भी आरोप साबित हुआ तो फांसी पर लटक जाऊंगा। पहलवानों की पहले कुछ मांग थी, अब कुछ और हो गई। कौन क्या कह रहा है उससे मतलब नहीं है। इनकी शर्तें, भाषा लगातार बदल रही हैं।

दीवार के मलबे में दबकर मजदूरों की मौत

नई मण्डी में दीवार तोड़ रहे मजदूर पर गिरा मलबा, मौत

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। नई मंडी क्षेत्र में दीवार तोड़ रहे मजदूर की दीवार के मलबे में दबकर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव बिलासपुर निवासी 53 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र कबूल सिंह बिलासपुर के निकट एक तेल गोदाम की दीवार तोड़ने का कार्य कर रहा था। आज अंतिम दीवार तोड़ते समय दीवार का मलबा उसके ऊपर आ गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची नई मंडी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर परीक्षण के लिये भेज दिया।

बुढ़ाना में दीवार के नीचे दबकर हुई मजदूर की मौत

बुढ़ाना, 01 जून (बु.)। भट्टे पर लगा ईंट का एक लंबा चट्टा एक मजदूर के ऊपर गिर गया, जिसमें दबकर मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया और शव को सैंकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में सुपुर्द ए खाक कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआना निवासी 40 वर्षीय उम्मीद कुरैशी पुत्र नफीस गांव में ही स्थित एक भट्टे पर मजदूरी करता है। मृतक के 5 पुत्र और दो पुत्रियां बताई गई हैं। किसी भी बच्चे की शादी नहीं हुई। बच्चे छोटे छोटे हैं। रोजाना की भांति आज भी उम्मीद कुरैशी भट्टे पर लगी पक्की ईंटों के नीचे खड़ा हुआ कुछ काम कर रहा था। लगभग दोपहर 12 बजे के आसपास अचानक से हजारों ईंटों का चट्टा उम्मीद कुरैशी के ऊपर भरभराकर गिर गया, जिसमें वह बुरी तरह से दब गया, तब भट्टे पर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने फुर्ती से उम्मीद को ईंटो से बाहर निकाला और बुढ़ाना में स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उम्मीद कुरैशी को मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। जहां पर चिकित्सकों ने उम्मीद कुरैशी को मृत घोषित कर दिया। उधर उम्मीद की मौत का समाचार सुनकर परिजनों में चीख पुकार मच गई और सूचना पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव को देर रात सुपुर्द ए खाक कर दिया।

बस ट्रक के बीच फंसकर गरीब मजदूर की दर्दनाक मौत

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। रोडवेज बस चालक की लापरवाही से एक गरीब मजदूर की जान चली गई। इस सम्बन्ध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बिजनौर जनपद के नगीना थाना क्षेत्र के गांव कालाहेड़ी निवासी प्रेम सिंह पुत्र गोकल सिंह ने बताया कि उसके गांव के नकुल सहदेव, प्रवेन्द्र कुमार रोहित, मोहित अनुज कुमार, आशु व संजय आदि मजदूरी करने के लिये भगवानपुर जा रहे थे। 30 मई को मुजफ्फरनगर बस स्टैंड से उक्त लोग रोडवेज बस में सवार हुए। पीड़ित ने बताया कि वहलना चौक पर जाम लगने के कारण बस रुकी, तो नकुल सहदेव पानी पीने के लिये बस से उतरने लगा, तभी बस चालक ने बस चला दी और बस व एक ट्रक के बीच फंसकर नकुल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ के लिये रैफर कर दिया गया। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

सहारनपुर के मंडलायुक्त सहित आठ आईएएस के तबादले

▶ डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद होंगे सहारनपुर के नए मंडलायुक्त

लखनऊ,1 जून (एजेंसी)। प्रदेश सरकार ने आयुष कालेजों में हुए फर्जी दाखिले और घूसखोरी के आरोपों की जांच सीबीआई से कराए जाने के आदेश के बाद अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी को हटा दिया है। कानपुर और सहारनपुर के मंडलायुक्त सहित आठ आईएएस अधिकारी इधर से उधर किए गए हैं। प्रतीक्षारत कई अफसर भी नई तैनाती पाने में सफल रहे हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने गत दिवस आयुष कालेजों में हुए फर्जी दाखिले व घूसखोरी की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। इस मामले में प्रशांत त्रिवेदी पर आयुष विभाग के अपर मुख्य सचिव रहने के दौरान 25 लाख रुपये लेने के आरोप लगाए गए हैं। त्रिवेदी इसी महीने लंबी प्रशासनिक सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सरकार ने उन्हें वित्त आयुक्त व अपर मुख्य सचिव वित्त जैसे अहम पद से हटाकर यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के अध्यक्ष पद पर तैनात कर दिया है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को सरकार ने वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया है। लंबे समय से कानपुर के मंडलायुक्त राजशेखर को हटाकर शासन में सचिव कृषि के पद पर तैनाती दी गई है। सहारनपुर के मंडलायुक्त लोकेश एम. को कानपुर का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। अंतरराज्यीय प्रतिनियुक्ति से लौटकर प्रतीक्षारत रहे डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद को सहारनपुर का नया मंडलायुक्त बनाया गया है।

प्रधान पुत्र ने नौकरी का झांसा देकर किया युवती से दुष्कर्म

▶ अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डाले तो खुला मामला
▶ रतनपुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की दबिश

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। ग्राम प्रधान के पुत्र ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती से दुष्कर्म किया। यही नहीं आरोपी प्रधानपुत्र ने युवती के आपत्तिजनक फोटो खींच कर लगातार उसका यौन शोषण किया। युवती उसका उत्पीड़न सहती रही, लेकिन मामला उस समय खुल गया जब उक्त युवक ने अश्लील फोटो को सोशल मीडिया में प्रसारित कर दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी धरपकड़ के लिए दबिश दी है। पुलिस के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र की निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का उनके यहां आना जाना था। आरोपी ने उसकी बहन को नौकरी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद वह उससे अश्लील हरकत करने लगा। आरोप है कि 26 मई की शाम को आरोपित ने फोन पर अपने खेत में बुलाया जहां आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके आपत्तिजनक फोटो अपने मोबाइल में खींच लिये। जिन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। गुरुवार को पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती बतायी है। पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी प्रधानपुत्र की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए पुलिस ने दबिश भी दी, लेकिन वह उनके हाथ नहीं लग पाया।

evan multi speciality hospital
ईवान हॉस्पिटल
(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)
विजय जैन (सीएईओ)
निःशुल्क हृदय रोग कैंप
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.स्वाति शर्मा
एमबीबीएस,एमडी, इंटरनल मेडिसिन , डीएनबी कार्डियोलॉजी
डॉ. सज्जाद मंजूर
एमबीबीएस,एमडी, इंटरनल मेडिसिन, डीएनबी,कार्डियोलॉजी
डॉ.अंशुल जैन
एमबीबीएस,एमडी इंटरनल मेडिसिन, डीएम कार्डियोलॉजी
विशेष :-
• ईसीजी फ्री
• इको 500 रु छूट
• एंजियोग्राफी 3000 रु की छूट
• एंजियोप्लास्टी (दिल का छल्ला) 25000 रु की छूट
पेसमकेर | हॉल्टर मॉनिटर | टीएमटी
डॉ. नित्यानंद शर्मा
एमबीबीएस , एमडी , डीएनबी
गैस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट
पेट रोग विशेषज्ञ
से परामर्श पाए अब
अपने ईवान अस्पताल में
ओपीडी सेवाएं 1 जून 2023 से
सोमवार से शनिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक
आयुष्मान कार्डधारकों के लिये 5 लाख रुपये तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त
दिनांक : 3 जून 2023, शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक
स्थान : 4th किमी. भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
ईवान हार्ट सेंटर में हृदय रोग विशेषज्ञ 24×7 घंटे उपलब्ध हैं
MO.- 90689-95066, 70880-02623
ईसीजी : फ्री
इको : रु. 500/- छूट
MO.: 90689-95066,70880-02623,70880-02620
E-mail : info@evanhealthcare.com | Visit us : www.evanhealthcare.com
Follow Us On

फोटो बुलेटिन
ईवान हॉस्पिटल में गेस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट डॉ. नित्यानंद का स्वागत करते वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. पंकज जैन, गेस्ट्रोएंट्रोलोजी विभाग का शुभारंभ करते डॉ. पंकज जैन व सीईओ विजय जैन तथा उपस्थित जिले के गणमान्य लोग एवं चिकित्सक।

इन्होंने कुछ यूं कहा...

हमारा प्रयास है कि हम अपने ही शहर में लोगों को अति उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करें। इसी सपने को साकार करने के लिए हमने अपनी टीम के साथ मिलकर ईवान को दिल्ली मेरठ जैसी चिकित्सा सेवा वाली संस्था बनाया है, यहां आज गेस्ट्रोएंट्रोलोजी विभाग का शुभारंभ स्थानीय लोगों के लिए लाभकारी साबित होगा...

विजय जैन,
सीईओ, ईवान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

इन्होंने कुछ यूं कहा...

ईवान हॉस्सिपटल आज बेहतर और सस्ते उपचार के लिए जनता के बीच एक विश्वास का प्रतीक बना है। इसके लिए सारा श्रेय सीईओ विजय जैन जी को जाता है, उन्होंने इसे अमेरिका से आकर संभाला और आज वो ईवान को दिल्ली से देहरादून के बीच टॉप मेडिकल इंस्टीट्यूट बनाने के लिए प्रयासरत हैं...

डॉ. पंकज जैन,(एमबीबीएस, एमडी)
वरिष्ठ फिजीशियन, ईवान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

टीम विजय जैन की बड़ी उपलब्धि ... ईवान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में गेस्ट्रोएंट्रोलोजी चिकित्सा विभाग का हुआ शुभारंभ

पेट रोगी दिल्ली जाने के बजाये अब ईवान में आएं

ईवान हॉस्पिटल में अब 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे पेट रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, सप्ताह में छह दिन होगी ओपीडी

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बु.)। यदि आप पेट के रोग से पीड़ित हैं, तो अब उपचार पाने के लिए दिल्ली या मेरठ जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भोपा रोड स्थित ईवान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पेट रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। गुरूवार को हॉस्पिटल ने एक ओर उपलब्धि हासिल करते हुए गेस्ट्रोएंट्रोलोजी डिपार्टमेंट का शुभारंभ किया। ईवान हॉस्पिटल के सीईओ विजय जैन ने कहा कि उनका प्रयास है कि वो कम से कम खर्च पर अपने शहर में लोगों को बेहतर उपचार सुविधा प्रदान करायें।

ईवान हॉस्पिटल के सीईओ विजय जैन ने बताया कि आज हमने अपने इस हॉस्पिटल में गेस्ट्रोएंट्रोलोजी डिपार्टमेंट लांच किया गया है। इस विभाग में पेट रोग विशेषज्ञ गेस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट डॉ. नित्यानंद शर्मा (एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी) की सेवाएं प्रारम्भ की हैं। अभी तक यहां के लोगों को पेट संबंधी सभी बीमारियों के उपचार के लिए मेरठ या दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब अपने ही शहर में कम दाम में बेहतर उपचार मिलेगा। एंड्रोस्कॉपी आदि पेट संबंधी जांच की सुविधा भी यहां पर मिलेंगी। ईवान हॉस्पिटल में उपचार के प्लेटफार्म पर सभी प्रकार की बेहतर सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं, सभी विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता ही हमारे हॉस्पिटल की सेवाओं को विश्वसनीय बना रही हैं। कार्डियोलोजी विभाग में हमारी सेवाएं नम्बर वन है, यहां पर कार्डियो जांच के लिए हमने उत्कृष्ट पैथोलॉजी लैब बनाई है। कैथ लैब के लिए हमने कोई भी सम-गौता नहीं किया है, हमारी कैथ लैब दिल्ली के मुकाबले की है, जिसकी कीमत करीब दस करोड़ रुपये है। यहां से लेकर दिल्ली तक यह मशीन नहीं है, अपोलो जैसे हॉस्पिटल में ही ऐसी मशीन हैं। इसका लाभ भी मरीजों को मिल रहा है। विजय जैन ने बताया कि पिछले दिनों हमारे कार्डियो डिपार्टमेंट में हार्ट का एक मरीज आया, जिसको पूर्व के चिकित्सकों ने बताया था कि दो स्टंट डाले जायेंगे, लेकिन जब उनका कैथ लैब में परीक्षण किया गया तो पता चला कि उनको तीन स्टंट की आवश्यकता है, सही जांच से सही उपचार हो पाया और मरीज जल्द बेहतर स्वास्थ्य को प्राप्त कर सके। हमारे हॉस्पिटल में 40 से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, इनमें से अधिकांश सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर है और 24 घंटे यहां पर उपचार सुविधा उपलब्ध रखी गयी है। कार्डियो के साथ ही ऑर्थोपेडिक में भी हमारे हॉस्पिटल में बेहतर सुविधा और संसाधन के साथ मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। यहां पर हम स्पाइन सर्जरी करने के साथ ही घुटने, कूल्हे का रिपलेस्मेंट भी करा रहे हैं। सीईओ विजय जैन ने कहा कि ईवान हॉस्पिटल ने विशेषज्ञ चिकित्सकों और अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा तथा उत्कृष्ट संसाधनों के सहारे उपचार के क्षेत्र में लोगों के बीच न केवल विश्वास अर्जित किया है, बल्कि हमारे चिकित्सकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गंभीर अवसरों पर भी अनेक उपलब्धिपूर्ण उपचार दिलाकर मरीजों को जीवनदान देने का काम किया है। उन्होंने बताया कि एक मरीज के पेट से ऑपरेशन कर 63 स्टील की चम्मच निकाली गई, वहीं एक गर्भवती महिला जोकि खुद भी बेहोश थी और उसके कारण गर्भ में पल रहा शिशु भी बेहोश था, उसको वेंटीलेटर पर लेकर सफल सीजेरियन डिलीवरी की गयी। इसके साथ ही अनेक ऑपरेशन ऐसे किये गये, जो हाई रिस्क पर थे और आज वो सभी मरीज स्वस्थ हैं अपने परिवार में जीवन का आनंद ले रहे हैं। गेस्ट्रोएंट्रोलोजी डिपार्टमेंट की लांचिंग पर वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. पंकज जैन ने कहा कि ईवान हॉस्पिटल के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि भरा दिन है। पेट के रोग एक आम समस्या है। ईवान हॉस्पिटल के संचालन में काफी उतार चढ़ाव आये हैं, लेकिन जब से इस हॉस्पिटल को विजय जैन द्वारा संभाला गया तो इस संस्थान ने अनेक उपलब्धियों को हासिल किया है। लगातार इनका प्रयास है कि इस हॉस्पिटल को दिल्ली से देहरादून के बीच सबसे बड़ा हॉस्पिटल बनाया जाये। यहां पर अनेक विभागों को शुरू किया गया और इसमें खास बात यह रही है कि इस हॉस्पिटल में लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए क्वालिटी और विशेषज्ञता के साथ सम-गौता नहीं किया गया है। यहां हर डिपार्टमेंट में उत्कृष्ट सेवा के लिए व्यवस्था की गयी है। गेस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट डॉ. नित्यानंद शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पेट की बीमारियों के प्रति हम ज्यादा जागरुक नहीं है, लेकिन आमतौर पर गैस और कब्ज की बीमारी का ही लोग इलाज अपने अपने तरीकों से करते हैं। यहां पर विशेषज्ञ नहीं होने के कारण भी लोगों को सही उपचार नहीं मिल पाता था, अब ईवान में विभाग के शुभारंभ होने के बाद पेट रोगों के सम्बंध में तमाम उपचार आसानी से और कम मूल्य पर ही उपलब्ध होंगे तो लोगों को पेट की बीमारियों के लिए दूसरे शहरों और राज्यों की भागदौड़ नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि ईवान में गेस्ट्रोएंट्रोलोजी विभाग में सोमवार से शनिवार तक सप्ताह में छह दिन ओपीडी सेवा सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। जबकि विभाग में 24 घंटे उपचार सेवा प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविन्द्र जैन (वहलना वाले), दिनेश जैन (वहलना स्टील वाले), पवन जैन (बसेड़ा वाले), मनोज जैन (एलजी), राजेश जैन (सीए), नितिन जैन (पंसारी), विपुल भटनागर, कुशपुरी, डॉ. आरबी सिंह, हर्षवर्धन जैन (अर्चना साड़ीज), रवीन्द्र चौधरी (पश्चिमी संदेश), राहुल गोयल, राजेन्द्र सिंघल, अनमोल जैन (एडवोकेट), हरीश जैन, रेणू गर्ग, विप्लव जैन, निरंकार स्वरूप, पवन गोयल, अजय जैन, डॉ. ललिता माहेश्वरी, सुनील जैन, निशांक जैन, श्रीमोहन तायल, योगेन्द्र जैन एडवोकेट, रोहित तायल, राजीव जैन, डॉ. पंकज जैन, डॉ. कोमल राठौर, डॉ. प्रत्यूष राठौर, डॉ. स्वाति शर्मा, शताक्षी शर्मा, तृप्ती गुप्ता, अरविन्द धीमान, सौरभ गर्ग, संजय जैन एवं समस्त जैन परिवार मौजूद रहे।



फोटो बुलेटिन
चिकित्सा सुविधा की जानकारी देते डॉ. नित्यानंद।

हॉस्पिटल के सीईओ विजय जैन बोले-अपने ही शहर में कम दाम में दिल्ली और मेरठ जैसा बेहतर उपचार मिलेगा

तारीख गवाह है

आज का इतिहास

76 वर्ष पूर्व
लार्ड माउंटबेटन ने भारत विभाजन की घोषणा की

नई दिल्ली, 01 जून (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 02 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1780-कैथोलिक विरोधी प्रदर्शनकारियों ने लंदन में पार्लियामेंट पर हमला किया। 1851-अमेरिका में पहली बार मैन प्रांत में मद्यपान निषेध कानून लागू किया गया। 1896-जी मार्कोनी ने रेडियो को अपने नाम पर पेटेंट कराने के लिए आवेदन दिया जो बाद मे 02 जुलाई 1897 को स्वीकार कर लिया गया। 1908-माणिकटोल बम कांड के मामले में श्री अरविंदो को गिरफ्तार किया गया। 1909-एलफ्रेड डेकिन लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने गए। 1947-लार्ड लुई माउंटबेटन ने भारत के विभाजन की घोषणा की। 1953-ब्रिटिश राजगद्दी पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी। 1966-अमेरिका ने अपने पहले ही प्रयास में चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारा। 1974-अफ्रीकी देश माली में संविधान अंगीकार किया गया। 1979- पोप का ओहदा संभालने के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय पहली बार अपनी मातृभूमि पोलैंड लौटे। 1983-अमेरिका के सिनसिनाटी में एयर कनाडा के डीसी-9 विमान में आग लगने से 23 लोगों की मौत। 1988-बॉलीवुड के महान अभिनेता, निर्देशक, निमार्ता और शोमैन राज कपूर का निधन। 1994-उत्तरी स्कॉटलैंड में चिनूक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से 29 लोगों की मौत। 1996-यूक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश बना। 2000-पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने नवाज शरीफ के आजीवन कारावास को मृत्युदंड में बदलने संबंधी

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 01 जून, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-
सोना- 61,500 चांदी-73,000
सिक्का- 850 गिन्नी- 46,000

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 01 जून, (बु.)। मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया-1120, चाकू 1450-1600, लड्डू 1450-1580, आमद-1500 मन।

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 02 जून, 2023

मेष- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित रचनात्मक कार्यों की ओर रुझान, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सम्मान में वृद्धि सुयोग।
वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, व्यापार में धन निवेश, मित्रों से विचार-विमर्श, शुभ समाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास।
मिथुन- लाभ का सुअवसर, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, जनकल्याण की ओर रुझान।
कर्क- परिस्थितियाँ प्रतिकूल, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, अकल्पित घटनाओं से मन अशांत, दूसरों की सलाह अमान्य, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में।
सिंह- अधूरी योजना प्रगति पर, घरेलू वातावरण सुखद, परोपकार की भावना जागृत, सुसंदेश मिलने से खुशी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कन्या- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिश्रम के अनुरूप सफलता, विवाद का समापन पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, आत्मिक शांति।
तुला- इच्छित कार्यों में सफलता, मित्रों से विचार विनिमय, सुख के साधन उपलब्ध, राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग, धर्म के प्रति रुचि।
वृश्चिक- आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, व्यय की अधिकता, अशांति का माहौल, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संशय, वैचारिक स्थिरता।
धनु- नवयोजना की शुरुआत, कुछेक समस्याओं का समाधान, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, खर्च।
मकर- समय संतोषजनक, विचारित कार्य प्रगति पर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।
कुम्भ- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शुभ भावनाओं का उदय, आनन्द की अनुभूति, कर्जकी अदायगी, प्रयास सार्थक, खुशी।
मीन- वांछित प्रगति का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता के कारण कार्यों में व्यतिक्रम, प्रियजनों से निराशा, धनलाभ में कमी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

पीएम स्वनिधि की वर्षगांठ में जिला पंचायत सभागार में मना महोत्सव

फोटो बुलेटिन
जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा तथा उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल व अतिथि एवं लाभार्थी।

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार पीएम स्वनिधि की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में पीएम स्वनिधि महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के सभी रेहड़ी-पटरी व पथ विक्रेताओं के साथ योजना के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया। इसके साथ नए लाभार्थियों की सुविधा हेतु बैंकर्स के स्टॉल लगाकर खातों में ऋण अवमुक्त किया गया।

जिला पंचायत के सभागार में संपन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व पूर्व सदर विधायक अशोक कंसल रहे। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डूडा विभाग की ओर से संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडा सतीश गौतम ने योजनाओं की जानकारी देते हुए पीएम स्वनिधि की जनपदीय उपलब्धियों के विषय में अवगत कराया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करने के साथ ऑनलाइन मार्केट विकसित करने की योजना की जानकारी दी गई। गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न पीएम स्वनिधि योजना के पात्रों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने छोटे व्यवसाईयों से वित्तीय अनुशासन बरतने की बात कही, जिससे बैंक द्वारा ऋण बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को योजना में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। सभी अतिथियों ने स्वयं सहायता समूह के स्टॉल देखने के साथ उनके उत्पादों की खरीदारी भी की। इस दौरान अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक राजीव तिवारी ने अतिथियों के माध्यम से ऋण मुक्ति पत्र वितरित कराये गए। कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने स्वनिधि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी राजेश गौंड,सिटी मिशन मैनेजर सागर मित्तल, अमित आत्रेय, सामुदायिक आयोजक गौरव चंदेल, पूनम मलिक, बृज भूषण, अर्जुन, अजय कुमार व संजीव मलिक आदि उपस्थित रहे।

250 लाभार्थियों को बैंकर्स द्वारा उपलब्ध कराया गया स्वनिधि योजना का ऋण

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर गांधी कॉलोनी का वार्षिकोत्सव संपन्न

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। आज गांधीकॉलोनी स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 48 वां वार्षिकोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। आज भंडारे के साथ इस आयोजन का समापन हुआ। पिछले तीन दिन से चल रहे वार्षिकोत्सव में मंदिर में 30 मई को अखंड पाठ रखा गया। आज इसके संपन्न होने के बाद पूजन किया गया। आरती पूजन के बाद लंगर शुरू किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस बीच गत रात्रि एक धार्मिक मंच का आयोजन किया गया। इसमें करनाल धाम से पधारे महाराज श्री जगत राज जी, शेरपुर धाम से महाराज श्री कृष्ण दास जी ने अपनी वाणी चर्चा से देर रात्रि तक सभी को बांधे रखा। आयोजन में शामिल प्रमुख लोगों को महाराज श्री द्वारा स्वयं पटका व माला पहना कर अपना आशीर्वाद दिया गया। इनमें नवनिर्वाचित सभासद अमित पटपटिया, उनकी धर्मपत्नी मनी पटपटिया, पूर्व सभासद पवन अरोरा, मुकुल दुआ एवं शहीद भगत सिंह सेवादल के चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा व महामंत्री अखिल तागरा उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में चेतन स्वरुप कक्कड़, आनंद कक्कड़, चतरसैन छाबड़ा, राजकुमार पालीवाल, कमल जुनेजा, विकास अरोरा "शेरी", संजय अरोरा, जतिन छाबड़ा, काली चरण, पुनीत किंगर, संजय वर्मा, नवल किशोर कक्कड़, प्रथम कक्कड़, बाल किशोर, हरीश किंगर व सुंदरसाथ का सहयोग रहा।

राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन संपन्न

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। राजकीय शैक्षणिक संग्रहालय महावीर चौक मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ द्वारा संचालित 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का उद्घघाटन प्रातः11 बजे राजकीय इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार त्यागी, महेन्द्र आचार्य, प्रो. रजनीश गौतम, अनुराधा वर्मा, जीव विज्ञान प्रवक्ता ब्रह्मप्रकाश द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार त्यागी ने कला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला को केवल एक विषय न होकर जीवन पद्धति है। संस्कार भारती मेरठ प्रान्त के उपाध्यक्ष महेन्द्र आचार्य ने भारतीय संस्कृति में कला की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय इतिहास संस्कृति को समझना है तो कला उसका सशक्त माध्यम है। युवा चित्रकार शगुफ्ता तथा सीमा त्यागी ने पोर्ट्रेट की बारीकियां सिखाई। के के इन्टर कॉलेज बघरा के कला प्रवक्ता अशोक कुमार ने मानव चित्रण के अनुपात के बारे में अवगत कराया। डीएवी इन्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर के कला प्रवक्ता प्रवीण कुमार सैनी ने जल रंग में दृश्य चित्रण जी बारीकियां समझाई । कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार ने बताया यह शिविर 20 जून तक चलेगा। इसमें स्थानीय चित्रकारों के साथ उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों के चित्रकार मूर्तिकार प्रत्येक दिन विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण देंगे। कल दिनांक 2 जून को ननोता सहारनपुर के युवा चित्रकार रवि चरण स्केचिंग सिखाएंगे। बाद में कार्यशाला में बनाई गई। कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर सागर कल्याण, जोया,विवेक कुमार, अराध्या, अर्दिता चौधरी, अर्णव चौधरी, कार्तिक, स्नेहा, शनि, तेजस, सुजाता, खुशी इत्यादि छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी कला से मंत्रमुग्ध कर दिया।

...तो बागियों को बाहर कर देता: डॉ. लक्ष्मीकांत

खतौली, 1 जून (बु.)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि यदि मैं अध्यक्ष होता तो बागियों को निकालकर बाहर खड़ा कर देता। अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने बागियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा चल रही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के समापन समारोह में पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने निकाय चुनाव के दौरान भीरतघात के सवाल पर कहा कि बागियों को बाहर निकाल देना चाहिए। विपक्ष निराश है और बौखलाया हुआ है। जब हमने दौपद्री मुर्म को राष्ट्रपति का चुनाव लड़ाया तो उनके विरुद्ध प्रत्याशी खड़ा किया, जब इनका आदिवासी प्रेम कहा चला गया था। मोदी विरोधी कुछ भी ढूंढते है।

सतेंद्र सिसौदिया का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर पहुंचकर जनपद के सभी पदाधिकारियों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, रेनू गर्ग, सुनील दर्शन, शरद शर्मा, विजय वर्मा, रमेश खुराना, रक्षित नामदेव, सुदर्शन सिंह बेदी, नितिन बालियान, विपुल, सुरेंद्र कश्यप, महार, कार्तिक काकरान, तरुण पाल, रविकांत शर्मा, संजय गर्ग, श्रीमोहन तायल आदि ने उनको बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने जनपद में कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गहनता से सुना और उस पर शीघ्र अति शीघ्र कार्य का अंजाम देने का आश्वासन भी दिया। सत्येंद्र सिंह सिसोदिया जनपद के पूर्व प्रभारी रहे हैं, जिसकी वजह से हर एक कार्यकर्ता उनसे जमीनी स्तर से जुड़ा हुआ है।

फोटो बुलेटिन
भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया का स्वागत करते जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व अन्य।

बूथ तक संगठन को मजबूत करने में जुटें कार्यकर्ता: हरेंद्र मलिक

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा प्रभारी हरेन्द्र मलिक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाने को कहा है।

सपा कार्यालय मुजफ्फरनगर पर आयोजित महत्वपूर्ण मीटिंग में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सपा जिलाध्यक्षों व महानगर अध्यक्षों के साथ लखनऊ में मीटिंग के बाद लौटे सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने सपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों के साथ सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश साझा किया। जिया चौधरी ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्पष्ट सन्देश व निर्देश यही है कि प्रत्येक बूथ मजबूत होगा तो लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित होगी। इसलिए हर सपा कार्यकर्ता पदाधिकारी का प्रथम उद्देश्य सर्वसमाज के मजबूत कार्यकर्ताओं की सशक्त बूथ कमेटी के जरिये बूथ मजबूत करना रहेगा। जिस क्षेत्र में भी सेक्टर व बूथ कमजोरी की शिकायत है वहां वे स्वयं व पार्टी के वरिष्ठ नेता लगातार पहुंचकर उसको सबसे मजबूत बूथ में बदलकर रहेंगे।

सपा राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा प्रभारी हरेन्द्र मलिक ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में पहुंचकर बूथ सेक्टर को मजबूत बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सपा कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर जल्द ही मजबूती से सफल किया जाएगा। मीटिंग में मुख्यरूप से वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा, सपा जिला महासचिव गोल्डी अहलावत, जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष ईलम सिंह गुर्जर, सतेंद्र सैनी, श्यामलाल बच्ची सैनी, सपा नेता साजिद हसन, विनय पाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सैयद नोशाद अली, सत्यदेव शर्मा, सतबीर त्यागी, सपा नेता सतीश गुर्जर, डॉ अलीशेर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

10वीं में एनसीईआरटी ने हटाया पूरा लोकतंत्र चैप्टर

नई दिल्ली, 01 जून (एजेंसी)। कक्षा 10वीं की एनसीईआरटी की किताबें पढ़ने वाले छात्र अब लोकतंत्र का पाठ नहीं पढ़ सकेंगे। एनसीईआरटी यानी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने कोरोना काल के दौरान हुई पाठ्यक्रम समीक्षा में इससे जुड़ा पूरा पाठ हटा दिया है। एनसीईआरटी ने गुरुवार, एक जून को जारी बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर छात्रों पर सामग्री का बोझ कम करने के लिए कक्षा 10वीं की पाठ्यपुस्तक से तत्वों, लोकतंत्र, राजनीतिक दलों (पूर्ण पृष्ठ) और लोकतंत्र की चुनौतियों के आवधिक वर्गीकरण के पूर्ण अध्यायों को हटा दिया है। हाल ही के दिनों में एनसीईआरटी की किताबों को लेकर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। इसी सप्ताह एनसीईआरटी की ओर से कक्षा 12वीं राजनीति विज्ञान की किताब में उन विवादित अंशों को हटाने की जानकारी दी गई थी, जिनमें श्रीआनंदपुर साहिब प्रस्ताव को कथित तौर पर खालिस्तान की मांग से जोड़ा था।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

कर्नाटक और राजस्थान

कर्नाटक में विधायक संतुष्ट नहीं हैं, आने वाले दिनों में कर्नाटक से कोई सियासी नाटक फिर सामने आ सकता है। राजस्थान में भी कुछ ठीक नहीं है। गहलोत-पायलट प्रकरण राहुल की मध्यस्ता से एक दो दिन तो शान्त रहा, अब धीरे-धीरे पहले ढर्रे पर आ रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा भी राजस्थान में अपनी रणनीति बदलना चाह रही है। भाजपा की नजर में कर्नाटक की हार भी है। कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमन्त्री लक्ष्मण सावदी का कहना है कि मुख्यमन्त्री सिद्धारमैया के मंत्रिमंडल में उन्हें मिलाकर कुल 34 मंत्री हैं। इस बार कांग्रेस के अनुभवी नेताओं को चुना गया है। हम अभी-अभी पार्टी में आए हैं। राजनीति में धैर्य होना चाहिए। अगर ये दोनों चीजें हैं, तो कोई भी राजनीति कर सकता है। हालांकि मुझे उम्मीद थी। राजनीति में कोई साधु या संन्यासी नहीं होता। हर किसी की इच्छा मन्त्री, उपमुख्यमन्त्री या मुख्यमन्त्री बनने की होती है। लक्ष्मण सावदी के इस बयान को टीस या दर्द भी कहा जा सकता है। कर्नाटक सरकार में 34 ही मंत्री बनाए जा सकते हैं, यानी सिद्धारमैया की कैबिनेट में नए विधायकों के लिए जगह नहीं है। यही वजह है कि कई नेताओं में गुस्सा है। लक्ष्मण सावदी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। वे चुनाव से पहले बीजेपी से कांग्रेस में आए थे। बेलगावी की अथानी सीट से चुनाव लड़ा और 75 हजार वोट से जीते। लक्ष्मण सावदी बीजेपी की सरकार में 20 अगस्त 2019 से 28 जुलाई 2021 तक उपमुख्यमन्त्री रहे हैं। लिंगायत कम्युनिटी में उनकी अच्छी पैठ है।इस बार टिकट कटने के बाद लक्ष्मण सावदी ने कांग्रेस जॉइन कर ली।बीएस येदियुरप्पा सहित बीजेपी के बड़े नेताओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वे नहीं माने। तब बीजेपी ने कहा था,"लक्ष्मण सावदी के पार्टी छोड़ने का कोई असर नहीं होगा", लेकिन नतीजे इस दावे के उलट रहे। कर्नाटक में बीजेपी कुछ अधिक ही आत्मविश्वास से भरी हुई थी अथवा उसे रिपोर्ट देने वालों ने गुमराह किया। जिन नेताओं को बीजेपी, उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य समझ रही थी, वे जीत गए, स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा छोड़कर सपा में गए, लेकिन वहां जाकर वे हार गए न इधर के रहे न उधर के लेकिन कर्नाटक में ऐसा नहीं हुआ। भाजपा का गणित फेल हो गया। राजस्थान में ऐसा न हो जाए इसलिए भाजपा सोच समझकर कदम उठा रही है। सावदी के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने से 30 से 35 सीटों पर असर हुआ। लिंगायतों ने कांग्रेस को वोट दिए। इसी से इतनी बड़ी जीत मिली। इसके बावजूद उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। पूर्व उप मुख्यमन्त्री जगदीश शेट्टार को भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई। वे भी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। हुबली-धारवाड़ सीट से लगातार 6 बार जीते, पर इस बार हार गए।कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक पुट्टुरंगशेट्टी तो डिप्टी स्पीकर बनाए जाने ही से नाराज हो गए। उन्होंने पार्टी का ऑफर ये कहते हुए ठुकरा दिया कि मेरे समर्थक चाहते थे कि मुझे मंत्री बनाया जाए। पुट्टारंगशेट्टी चामराजनगर सीट से विधायक हैं। वे इस बार का चुनाव 80 हजार से ज्यादा वोटों से जीते हैं। कर्नाटक में कई असंतुष्ट हैं, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कर्नाटक के सियासी नाटक में कोई विधायक, महाराष्ट्र के शिंदे वाला रोल निबाह सकता है। कर्नाटक की सियासत पर नजर रखने वाले कह रहे हैं कि, कांग्रेस में एक साल तक टूट का खतरा नहीं है। लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस ने मैनेज नहीं किया, तो पार्टी में टूट हो सकती है। इसके पीछे दो कारण बताए जाते हैं। पहला, कांग्रेस ने चुनाव से पहले लोगों को 5 गारंटी देने का वादा किया था, अभी इन्हें पूरा करने का वक़्त है। ये वादे पूरे नहीं हुए, तो जनता में गुस्सा फैलेगा। दूसरी वजह कई सांसद और विधायकों के खिलाफ सीबीआई- ईडी की जांच है। कर्नाटक में डीजीपी रहे प्रवीण सूद को सीबीआई का नया डायरेक्टर बनाया है। वे कर्नाटक के तमाम नेताओं के सारे राज जानते हैं। ऐसे में कुछ दिन में सेंट्रल एजेंसियां राज्य में एक्टिव हो सकती हैं। ईडी की जांच में तो डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी फंसे हैं। लिंगायतों ने इस बार कांग्रेस को वोट दिए हैं, लेकिन कम्युनिटी से किसी को डिप्टी सीएम नहीं बनाए जाने से उनमें नाराजगी भी है। लिंगायत मठों से ये मांग उठी थी कि कांग्रेस एक डिप्टी सीएम उनकी कम्युनिटी के विधायक को बनाए। कांग्रेस आलाकमान ने तीन डिप्टी सीएम का फॉर्मूला भी तैयार किया था। इसमें एक डिप्टी सीएम लिंगायत कम्युनिटी से बनाया जाना था, लेकिन डीके शिवकुमार तीन डिप्टी सीएम बनाने के खिलाफ थे, इसलिए एक ही डिप्टी सीएम का पद रखा गया। इन सब बातों से लगता है कि वहां कुछ भी हो सकता है, राजस्थान में भाजपा नहीं चाहती कि कर्नाटक वाले खेल हो जाए और पुराने बागी होकर खेल बिगाड़ दें। राजस्थान के अजमेर में हुई बीजेपी की विशाल रैली में सबकी निगाहें पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पर थीं। कुछ समय पहले तक बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से रुखा व्यवहार झेलने वालीं वसुंधरा राजे बुधवार के कार्यक्रम में पीएम मोदी के ठीक बगल में मंच पर बैठी दिखाई दीं। इसके साथ-साथ इस रैली के लिए लगाए गए पोस्टरों में भी वसुंधरा राजे की तस्वीर नजर आई। साल 2019 में अंबर से बीजेपी विधायक सतीश पूनिया के राजस्थान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बीजेपी की होर्डिंग्स से उनकी तस्वीर गायब हो गई थी। इसके साथ ही राजे ने भी बीजेपी के कार्यक्रमों से दूरी बनाना शुरू कर दिया था, लेकिन बुधवार को हुई रैली में वसुंधरा राजे न सिर्फ पोस्टरों, होर्डिंग और मंच पर दिखाई दीं, बल्कि पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर वसुंधरा राजे का अभिवादन स्वीकार किया है। इसके बाद दोनों के बीच कुछ देर तक बातचीत भी हुई है। इस रैली के दौरान ऐसे कई संकेत मिले, जो बताते हैं कि बीजेपी आने वाले विधानसभा चुनाव की कमान वसुंधरा राजे को सौंप सकती है। इसे कर्नाटक में बीजेपी की हार के बाद बदली रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि इस हार ने बीजेपी को अपने क्षेत्रीय नेताओं की ताकत को भी स्वीकारने के लिए विवश किया है। बीजेपी इससे पहले तक राजस्थान का चुनाव भी सिर्फ. पीएम मोदी के दम पर लड़ना चाहती थी, लेकिन कर्नाटक की हार ने पार्टी को इस रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए विवश कर दिया है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"विदेशी" "देसी" "हिन्द" "जाल"

कुछ विदेशी जाहिलों ने देसी जाहिल को चुना,
उसको बुलवाया वहां और उसकी बकबक को सुना।
उन विदेशी जाहिलों में हिन्द के दुश्मन भी हैं,
इन सभी मिल के जाने जाल है कैसा बुना।

ठाकुर जी की प्रथम छवि देख चटक उठा दर्पण

खतौली, 01 जून (बु.)। कस्बे के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का गुरूवार को हवन, यज्ञ व महाआरती के साथ समापन हो गया। इस दौरान ठाकुरद्वारा प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। विशेष यह रहा कि जिस समय प्रतिमाओं की आंखों से परदा हटाया गया, तो दर्पण दिखाते ही दर्पण तेज आवाज के चटक गया। इस दृश्य को देख कर श्रद्धालु हतप्रभ रह गये। मान्यता है कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दर्पण का चटकना शुभ होता है। गुरूवार को कस्बे के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का दिव्य प्रतिमाओं की स्थापना के साथ समापन हो गया। ठाकुरद्वारा में सवेरे विधि विधान के साथ भगवान राध-कृष्ण, श्री राम दरबार व गौरी शंकर की मूर्तियों की स्थापना की गई। कथा व्यास आचार्य वासुदेव शास्त्री ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराई। महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई पहुंचे। डॉ. वाजपेई ने ठाकुरद्वारा स्थित श्री भूमेश मंदिर में श्री राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, श्री शिव पार्वती, भगवान की प्रतिमाओं का एवं अनावरण किया एवं नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। बताते चलें कि सेठ गणेश शंकर पालीवाल ने अपनी माता शीला देवी पालीवाल व चाचा जी नरेश कुमार पालीवाल की प्रेरणा से अपने दादा जी स्वर्गीय सेठ दुर्गा प्रसाद पालीवाल, स्वर्गीय सेठ रामस्वरूप पालीवाल, स्वर्गीय सेठ भवानी शंकर पालीवाल व अपने पिता स्वर्गीय सेठ भूमेश कुमार पालीवाल की स्मृति में भूमेश मंदिर का निर्माण मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया था। यहां मुख्य रूप से राजेंद्र मेहता, मुकेश शर्मा, ब्रज भूषण शर्मा, राजकुमार छाबड़ा, मुकेश जैन एडवोकेट, सभासद विकास कौशिक, सभासद अजय भुर्जी, पूर्व सभासद वैभव जैन, सत्येंद्र पाल आर्य, मास्टर तेजपाल शर्मा, अनुज श्रीवास्तव, सुरेश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों ने किया भंडारे का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बुस.)। आज हिन्दू धर्म को आगे बढ़ाते हुए निर्जला एकादशी व्रत रखकर अगले दिन पुण्यतिथि द्वादशी पर पंडित आशीष वशिष्ठ दाल मण्डी वालों नें सभी व्यापारियों को साथ में लेकर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने बताया की अन का दान और उसमें चावलों का दान किया जाये, तो विशेष फल की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु का आशीर्वाद मिलता है, इसलिए उन्होंने अपनी दुकान पर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें लगभग सौ किलो प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें दाल मण्डी बजार के लोगों नें भी सहयोग किया, जिनमें पंडित आशीष वशिष्ठ, मनीष कुमार, बंटी बाँके, सोराज प्रमोद, राहुल अरोरा, हरि ॐ महेश, देविंद्र कुमार, अर्पित डब्बू, बॉबी, संदीप दूबे, बिट्टू, गुड्डू, संदीप नमकीन वाले आदि नें सहयोग किया। सभी को अच्छा लगा और ऐसे धार्मिक कार्य पंडित आशीष वशिष्ठ आगे भी कराते रहेंगे।

क्रांति सेना महिला विंग ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बु.)। दिल्ली की साक्षी हत्याकांड को लेकर प्रदर्शन विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। इस हत्याकांड के विरोध में गुरूवार को क्रांति सेना महिला विंग की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में हत्या में शामिल युवक को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की। क्रांति सेना महिला विंग ने दावा किया कि इस घटना से समाज में फैले खौफ को समाप्त करने की खातिर हत्यारे को फांसी पर चढ़ाया जाए, ताकि इस तरह की मानसिकता वाले लोगों को सबक मिल सके। क्रांति सेना महिला विंग जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपे शिकायती पत्र में बीते दिनों दिल्ली के शाहाबाद डेरी इलाके में साक्षी हत्याकांड मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए साक्षी हत्याकांड के आरोपी को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि जिस तरह दिल्ली के शाहाबाद के इलाके में साहिल नामक जेहादी द्वारा साक्षी नाम की 16 वर्ष की लड़की को सरेआम चाकूओं से गोद-गोदकर मार डाला गया था, वह दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना है। उन्होंने मांग की कि यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। इसके साथ ही देश में धर्मांतरण विरोध कानून लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि हाल ही में जिस तरह दिल्ली में एक नाबालिग लड़की की जेहादी मानसिकता के व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई। ऐसे में अब लव जेहाद धर्मांतरण कानून बनाकर इस जेहाद पर रोक लगाना चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से नेहा गोयल, अंजू त्यागी, प्रेमलता, अनिता ठाकुर, शालू चौधरी, रानी, पूनम अग्रवाल समेत अनेक क्रांति सेना कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पर मौजूद रहे।

अब भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने गुरूवार को दिल्ली में धरनारत रही महिला पहलवानों के पक्ष में जिला प्रशासन के माध्यम से देश की राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ महिला पहलवानों को न्याय दिलाए जाने की मांग की। डीएम कार्यालय पहुंचे इन भाकियू कार्यकर्ताओं ने इस बीच भारत की बेटियों की सम्मान की रक्षा के लिए 3 सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम से महिला पहलवानों को न्याय दिलाए जाने की मांग की। गुरूवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए 3 सूत्रीय ज्ञापन में जहां एक ओर इन महिला पहलवानों को जंतर मंतर पर अपना धरना जारी रखे जाने की अनुमति दिए जाने की मांग की, वहीं भाकियू से जुड़े कार्यकर्ताओं ने इन महिला पहलवानों के साथ क्रूरता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के साथ भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण को गिरफ्तार कर, उनके विरुद्ध चार्ज सीट दाखिल करने के साथ ही इस मामले मं अभियोजन के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ किए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने ने कहा कि ग्रामीण अंचल से निकली इन महिला पहलवानों ने जिस तरह देश का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया, ऐसे में उनके साथ राजनीतिक रूप से सशक्त लोगों के इशारे पर केन्द्र सरकार द्वारा अत्यंत क्रूरता के साथ किया गया व्यवहार किसी भी स्थिति में समझ से परे है। कार्यकर्ताओं ने देश की महिला पहलवानों को पूर्ण सम्मान दिए जाने के साथ ही दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति से इस संबंध में न्यायोचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान मुख्य रूप से श्याम पाल सिंह, नवीन राठी, विकास शर्मा, राव गुलबहार, सादार अमीर सिंह, चौ. प्रताप सिंह, राहुल अहलावत, अनुज बालियान, विकास चौधरी, देव अहलावत, जोगेन्द्र पहलवान, कुलदीप त्यागी समेत बड़ी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बुस.)। भारत विकास परिषद दिव्य शाखा की ओर से आज श्री श्यामा श्याम मंदिर गांधी नगर में रमा देवी आई हॉस्पिटल से डॉ. मोहित गुप्ता एवं उनकी टीम के सहयोग से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम के संयोजक एवं सूत्रधार नवनीत गुप्ता-गरिमा गुप्ता एवं आदित्य अग्रवाल-नीरू अग्रवाल थे। शिविर में मुख्य अतिथि हर्ष वर्धन जैन प्रांतीय सचिव(सेवा)का सानिध्य भी हमे प्राप्त हुआ। अनिल गोपाल गर्ग उपाध्यक्ष, कमल गोयल, विकास रत्न, आदित्य अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा नवनीत गुप्ता ने उनको पटका पहना कर स्वागत किया तथा उनका आभार व्यक्त किया। हॉस्पिटल से आयी टीम का भी पटका पहना कर स्वागत किया। शिविर में 170 रोगियों का परीक्षण किया गया तथा 17 रोगियों को निशुल्क आपरेशन हेतु अस्पताल भेजा गया। शिविर में शाखा से पधारे प्रवीण सिंघल एल.के. मित्तल उपाध्यक्ष, वैभव जैन एवं मनोज गर्ग, मनोज गुप्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों का शिविर आयोजन में एवं प्रचार प्रसार में अहम भूमिका रही उनका कार्यक्रम संयोजक नवनीत गुप्ता एवं आदित्य अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

मारपीट मामले में तीन के खिलाफ हुई कार्रवाई

भोपा, 01 जून (बु.)। भोकरहेड़ी में दस दिन पूर्व तीन व्यक्तियों ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकूपुरा दक्षिणी निवासी अशोक कुमार ने बीते 22 मई को थाने पर दी तहरीर में बताया की पड़ोस के ही किरणपाल व उसके दो पुत्र गुड्डू व काला उससे रंजिश रखते हैं। बीते 22 मई की शाम वह कस्बे में आयोजित एक छठी समारोह में शामिल होने जा रहा था और तीनों पिता पुत्र घात लगाये बैठे थे कि अचानक तीनो ने गाली गलौज करते हुए उस पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। गम्भीर हालत में घायल का उपचार कराया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दी गुड़ खाण्डसारी एण्ड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसो. ने लिखा पत्र

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बु.)। दी गुड़ खाण्डसारी एण्ड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल व मंत्री श्याम सिंह सैनी, नगरपालिका परिषद चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप को पत्र लिखकर मांग की है कि नवीन मंडी परिसर से सटे मंडी समिति के बाहर वेयर हाऊस के सामने, जो नाला बना है उसके स्लैप तोड़कर नाले सफाई करायी जायें और जहां नाले की दीवार टूटी है उसका पुनः निर्माण कराया जाये, ताकि दुकानों/गोदामों में पानी भरकर व्यापारियों के माल गुड़-शक्कर व खाद्यान्न खराब न हो तथा जलभराव से गुड़ मंडी को राहत मिल सके।

उन्होंने बताया कि मंडी परिसर में कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा लाखों रुपए हाऊस टैक्स व वाटर टैक्स के रूप में वैसे नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर को देती है। उसके बाद भी मंडी समिति को नगरपालिका की ओर से कोई सुविधाएं नहीं मिलती। व्यापारियों ने स्ट्रीट लाईट, नाली की सफाई, सड़कों की सफाई, कूड़ा उठाना व नवनिर्माण आदि कराया जाना चाहिए। वहीं कूड़ा प्रबंधन में भी भविष्य में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट को प्राथमिकता दी जायें। इसके अलावा बिजली तार इंसुलेटीड़ हो। व्यापारियों ने मंडी परिसर में आवारा सांडों, गायों, कुत्तों व बंदरों की समस्या से छुटकारा मिले। उन्होंने कहा कि मंडी में एसोसिएशन कार्यालय की छत पर नगरपालिका परिषद द्वारा लगाई गई दो स्ट्रीट लाईटों में से खराब लाईट को बदलकर नई स्ट्रीट लाईट लगाई जायें तथा एक नई स्ट्रीट लाइट कार्यालय में लगाई जाए, ताकि प्रकाश की समुचित व्यवस्था क्षेत्र में हो सके।

तुरंत बिकाऊ है

एक ऑफिस प्रथम मंजिल, सिद्ध कॉम्पलैक्स, गऊशाला रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर पर, जिसका साइज 10.3 X 32.10 लगभग 36.73 वर्ग गज, तीन साइड ओपन, फुल फर्निश, फर्नीचर सहित शीघ्र बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

प्रभु आसरे प्रॉपर्टी डीलर
Mobile : 9457977760
दो दुकान झांसी रानी के पास भी बिकाऊ हैं।

युवती की बरामदगी को लेकर कोतवाली में हंगामा

खतौली, 01 जून (बु.)। कोतवाली के एक गांव निवासी युवती खतौली में कॉलेज में आई थी। मगर वापस गांव लौटते समय युवती रास्ते में ही संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। वहीं देर शाम तक युवती के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, मगर युवती का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद गुरुवार को परिजनों ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया और गांव के ही एक युवक पर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कर जल्द युवती की बरामदगी का आश्वाशन दिया है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस युवती के गुमशुदा होने की तहरीर दी है। कोतवाली के एक गांव निवासी युवती बुधवार को खतौली में एक कॉलेज में पढ़ने के लिये आई थी। इस दौरान देर शाम तो युवती वापस गांव नहीं पहुंची जो रास्ते मे ही संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। वहीं युवती के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी, जिसके बाद परिजनों ने युवती के कॉलेज में जानकारी की। वहां भी युवती का कुछ पता नहीं चला, इसके बाद परिजनों ने युवती के कई स्थानों पर गांव में तलाश की। मगर परिजनों को युवती का सुराग नहीं मिला। युवती के अचानक लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। उधर गुरुवार को परिजन ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचे और हंगामा करने लगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवती को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। परिजनों ने पुलिस से युवती की बरामदगी मांग की, इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को शांत कर मामले की जानकारी की और उन्हें जल्द लापता युवती की बरामद करने का आश्वाशन दिया है। इसके बाद ग्रामीण शांत हो गये। युवती के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ था। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती के परिजनों कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी है। युवती किसी युवक के साथ गयी है। पुलिस इसकी जांच पड़ताल कर रही है।

श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण सामूहिक पाठ कल से

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बुस.)। मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर गान्धी कॉलोनी में प्रति वर्ष की भान्ति श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण सामूहिक पाठ आगामी 3 जून से 11 जून तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक होगा। मन्दिर कमेटी के राकेश हुड़िया, विनोद छाबड़ा, घनश्यामजी ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि 3 जून को प्रातः6 बजे श्री रामायण जी की शोभायात्रा मन्दिर जी की परिक्रमा करके व्यास पीठ पर रामायण जी की स्थापना के साथ पूरी होगी। तत्पश्चात देव पूजन के उपरान्त श्री रामायण जी का सामूहिक पारायण प्रारंभ हो जाएगा। 4 जून से प्रतिदिन साढ़े 6 बजे दैनिक पूजन के उपरान्त पाठ प्रारम्भ होगा, जो 11 जून तक यथावत चलेगा। पूजन आचार्य पन्डित बृज लाल शास्त्री होंगे तथा रामायण पाठ संचालन राज कुमार अग्रवाल व पवन सिंह पुन्डीर एडवोकट प्रयाग राज हाई कोर्ट करेंगे। आयोजन के मुख्य संरक्षक श्री हनुमान जी महाराज मुख्य अतिथि श्री सीता राम जी महाराज व पर्यवेक्षक आशुतोष भगवान शंकर जी रहेंगे। कार्यक्रम के प्रेरक व कार्यक्रम का फल समर्पण सद्गुरु रुपी सभी दिव्य चेतनाओं को होगा। कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर समिति श्री श्री गोलोक धाम सेवा समिति गान्धी हाऊसिंग सोसायटी श्री अद्वेत स्वरुप आश्रम नंगली कुटिया सेवा समिति व श्री गीता रामायण सत्संग मंडल गान्धी कॉलोनी का पुर्ण सहयोग रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक व समन्वयक मानव कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश अरोरा पूर्ववत कार्यक्रम का संचालन करेंगे।

भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है : डॉ. संजीव बालियान

चरथावल, 01 जून (बु.)। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। भाजपा सरकार ने प्रत्येक वर्ग के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य किया हैं। बिरालसी में आयोजित विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता के सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि 2 तरह के कार्यकर्ता क्षेत्र में काम करते हैं, एक सक्रिय रूप से काम करने वाला और दूसरा आम मतदाता दोनों सम्मान के हकदार हैं। भाजपा कार्यकर्ता निजी स्वार्थ के लिए काम नहीं करता बल्कि यहां राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर जाता है, पार्टी एक परिवार है, इसमें कभी मतभेद हो जाते हैं, लेकिन उन्हें मिलकर बैठकर निपटा लिया जाता है। उन्होंने बताया लोक निर्माण विभाग से मुजफ्फरनगर थानाभवन मार्ग का चौड़ीकरण निकालने की प्रक्रिया चल रही है। जल्दी चरथावल निर्माण भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा। बिरालसी मंडल के अध्यक्ष ठाकुर विकास मंडल अध्यक्ष मनीष सैनी और वीरेंद्र शर्मा को मंत्री ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख आयोजक विकास ठाकुर, प्रधान लोकेश पुंडीर मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मौ. शाहनजर हसन (MOHD SHAHNAZAR HASAN) से बदलकर **शाह नजर हसन (SHAH NAZAR HASAN)** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **शाह नजर हसन (SHAH NAZAR HASAN)** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

शाह नजर हसन
(SHAH NAZAR HASAN)
पुत्र हबीब अहमद
निवासी- म.नं. 817, सुजड़ू,
मुजफ्फरनगर।

बेदखली-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आकाश व उसकी पत्नी प्राची मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। हमारा व हमारे परिवार का उनसे भविष्य में कोई मतलब वास्ता नहीं है और न ही उनका हमारी चल-अचल सम्पत्ति से कोई मतलब वास्ता है। मैंने अपने होश-हवास में अपने पुत्र आकाश व उसकी पत्नी प्राची को अपने परिवार व चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि ये दोनों भविष्य में किसी से कोई लेन-देन करते हैं, तो उसकी जिम्मेदारी उन दोनों की होगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

महक सिंह पुत्र हुकम चंद
मकान नं0 9, रसूलपुर कैलोरा,
थाना-खतौली,
जिला-मुजफ्फरनगर

गोवंश को सुनसान सड़क पर उतार रहे युवक को पुलिस को सौंपा

रामराज, 01 जून (बु.)। क्षेत्र के गांव पुट्ठी ईब्राहिमपुर में गोवंश को गाड़ी से सड़क पर उतार कर भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया तथा पुलिस को सौंप दिया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित पशुओं के लिए जगह-जगह गौशाला बनाई जा रही हैं तथा वन सेंचुरी बनाने की भी घोषणा कर दी गई है तथा लगातार लोगों से अपने पशुओं को सड़कों पर नहीं छोड़ने की अपील कर रही है, परंतु इसके बावजूद भी कुछ लोग अपनी इन हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। बुधवार की देर रात्रि रामराज थानाक्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में कुछ ग्रामीण टिकोला मार्ग पर टहल रहे थे, तभी उन्हें एक पिकअप गाड़ी आती हुई दिखाई दी तथा कुछ ही दूरी पर जाकर पिकअप वाहन के चालक ने पिकअप वाहन को रोक दिया तथा पिकअप वाहन में से दो गोवंश को सुनसान सड़क पर ही उतार कर अपनी गाड़ी लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने यह नजारा देखा तो उन्होंने शोर मचा दिया तथा दौड़ कर उक्त पिकअप वाहन चालक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उक्त युवक ने अपना नाम अरुण कुमार निवासी मीरापुर बताया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रामराज थाना पुलिस को दी, तो सूचना पाकर रामराज थाना पुलिस भी मौके पर जा पहुंची। पुलिस ने उक्त वाहन का चालान कर दिया है।

हनुमान धाम में मिनी स्कर्ट, हाफ पैंट और फटी जींस में प्रवेश नहीं

शामली,1 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में कई मंदिरों के बाद अब शामली के ऐतिहासिक श्री मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला में अमर्यादित कपड़े पहनकर आने वालों पर रोक लगा दी गई है। मंदिर समिति ने इसे लेकर बोर्ड लगाते हुए श्रद्धालुओं को मर्यादित कपड़े ही पहनकर आने की अपील की है। बोर्ड के जरिए मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वह मर्यादित वस्त्रों में ही मंदिर में प्रवेश करें। अमर्यादित छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बरमूडा, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी-फटी जींस आदि पहनकर आने पर मंदिर के बाहर से ही दर्शन करें। यह संदेश सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है।

आर्मी के जवान के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी दी

खतौली, 01 जून (बु.)। मौहल्ला इस्लामनगर निवासी आदिल पुत्र अनीस इंडियन आर्मी में जवान है जो फिलहाल

सीएम योगी ने आपदा भवन का किया शिलान्यास: बोले- जनता में विश्वास है कि आपदा आई तो सरकार की राहत भी आएगी

लखनऊ,1 जून (एजेंसी)। यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है। स्वाभाविक रूप से बड़े क्षेत्रफल का राज्य होने के चलते चुनौती भी बड़ी है। प्रदेश में कभी 40 जिले बाढ़ प्रभावित माने जाते थे, आज हमने इस खतरे को 4-5 जिलों में समेटने का काम किया है। आज अगर कहीं आपदा आती है तो लोगों को ये विश्वास रहता है कि सरकार की ओर से राहत भी आ रही होगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के नये भवन के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आपदा मित्रों की बात कहते हुए अच्छा कार्य करने वालों को व्यवस्था के साथ जोड़ते हुए उचित मानदेय देने के लिए भी राजस्व विभाग को कहा।

महाभारत के शकुनी मामा की हालत नाजुक

मुंबई,1 जून (एजेंसी)। महाभारत सीरियल में शकुनी मामा का किरदार निभाने वाले अभिनेता गूफी पेंटल अस्पताल में भर्ती हैं। कहा जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। जानी -मानी अभिनेत्री टीना घई ने इस बात की पुष्टि की है। हालांकि, उन्होंने गूफी के परिवार का हवाला देते हुए इस बारे में अधिक जानकारी देने से मना कर दिया है। टीना ने अपने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि गूफी पेंटल जी तकलीफ में हैं। प्रार्थना कीजिए, जिसके बाद उनके इस पोस्ट पर लोगों ने कमेंट करना शुरू कर दिया है। एक मीडिया संस्थान से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि एक्टर और उनके परिवार वालों ने किसी से भी डिटेल्स शेयर करने से मना किया है। उन्होंने आगे कहा कि गूफी की अच्छी सेहत के लिए ईश्वर से प्रार्थना कीजिए। कहा जा रहा है कि एक्टर काफी समय से बीमार चल रहे थे, लेकिन 31 मई को उनकी हालत नाजुक होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी के सुरक्षा गार्ड ने की आत्महत्या

देहरादून,1 जून (एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सुरक्षा गार्ड ने गुरुवार को खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सीएम आवास और राजभवन के बीच में बनी बैरक में गार्ड का शव मिला। जानकारी के अनुसार, घटना साढ़े तीन बजे की है। प्रमोद रावत नाम के गार्ड ने सरकारी राइफल से अचानक खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर वहां तैनात कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मृतक गार्ड प्रमोद पौड़ी जिले का रहने वाला था। वह 2007 बैच का सिपाही था। वर्तमान में वह 40वीं बटालियन पीएसी में था। बताया जा रहा है कि घर में भागवत थी तो इसके लिए वह लगातार छुट्टी की मांग कर रहा था। छुट्टी नहीं मिली तो उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। एडीजी अभिनव कुमार का कहना है कि गोली अङ-47 से ठोड़ी से सटकर लगी है। अब यह दुर्घटनावश लगी है या आत्महत्या है इस बात की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि छुट्टी 16 जून से मांगी जा रही थी ऐसे में अगर आत्महत्या की है तो यह वजह नहीं हो सकती है। वहीं, एसएसपी दलीप सिंह कुंवर का कहना है कि गार्ड की छुट्टी 16 जून से मंजूर हो चुकी थी। उसने छुट्टी मांगी भी 16 जून से ही थी ऐसे में यह कारण आत्महत्या का नहीं हो सकता है।

डूब रहे भाई को बचाने के प्रयास में दो भाइयों की गई जान

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की गोवर्धन तहसील क्षेत्र के गांव मगोर्रा में बृहस्पतिवार सुबह करीब 11.30 बजे पोखर में गिरने से तीन सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों बच्चों को निकालकर स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को जिला अस्पताल लाया गया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिए। देर शाम गमगीन माहौल में बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मगोर्रा निवासी सुंदर सिंह के पुत्र सोनू (10), मोनू (8) व पंकज (6) गांव में ही लगे भंडारे में दावत खाने गए थे। भोजन करने के बाद तीनों पास ही स्थित बरगद के पेड़ के नीचे खेलने लगे। पास में ही पोखर है, जिसके जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि बरगद की शाखाओं को पकड़कर झूलने के दौरान पंकज की चप्पल पैर से निकलकर पोखर में जा गिरी। वह चप्पल निकालने पोखर के किनारे पर पहुंचा, लेकिन उसका पैर फिसल गया और पानी में जा गिरा। यह देख मोनू और पंकज बड़े भाई को बचाने के लिए पोखर में उतर गए।

धोनी के घुटने की सर्जरी सफल, जल्द मिल सकती है छुट्टी

मुंबई,1 जून (एजेंसी)। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के घुटनों की सफलतापूर्वक सर्जरी हो गई है। गुरुवार को मुंबई के एक अस्पताल में माही के बाएं घुटने की सर्जरी हुई। वह इस सीजन आईपीएल में काफी दर्द में रहे थे और उन्हें विकेटकीपिंग के वक्त लंगड़ा कर चलते हुए देखा गया था। ऐसे में धोनी ने आईपीएल के बाद मिले समय में सबसे पहले घुटनों की सर्जरी कराई। आईपीएल ट्रॉफी जीतने के 48 घंटे के अंदर ही उन्होंने मुंबई के नामी ऑर्थोपेडिक डॉक्टर दिनशॉ पादीवाला से संपर्क किया था। वह बीसीसीआई के मेडिकल पैनल का भी हिस्सा हैं और कई दिग्गज क्रिकेटर्स की सर्जरी कर चुके हैं। इनमें भारत के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी शामिल हैं।

कृषि अफसर दिखे कमजोर, जिला अधिकारी दरबार गए विभागीयकर्मी

▶ फर्जी शिकायतों पर विभाग में हो गया था बखेडा, दी चेतावनी
▶ अधिकारी की मौजूदगी में हुई कम्प्यूटर की जांच में मिले साक्ष्य

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद का कृषि विभाग सदैव चर्चा के घेरे में बना रहता है। फिर चाहे एक ही कुर्सी के लिए दो अफसरों में हुई लड़ाई हो या कोई अन्य मुद्दा। राजधानी लखनऊ तक हर मुद्दे में गूंज होना आम बात हो गई है। वर्तमान में उप कृषि निदेशक कार्यालय फिर सुर्खियों में है, जहां अपने सहकर्मी से आहत और फर्जी शिकायतों को लेकर बीते दिवस हुए बखेड़े के बाद डेढ़ दर्जन कर्मचारियों ने डीएम-सीडीओ दरबार में पहुंच कार्यालय में चल रही राजनीति से निजात पाने की खातिर उप कृषि कार्यालय में काम करने में असमर्थता जाहिर करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। विभाग में चल रही फर्जी शिकायतों के उक्त मुद्दे को लेकर बीते दिवस दफ्तर में बखेड़ा खड़ा हो गया। जब उक्त कार्यालय में हुए विवाद की गूंज आलाधिकारी तक पहुंची तो उप कृषि निदेशक जसवीर सिंह तेवतिया की मौजूदगी में जब एक कर्मचारी के कम्प्यूटर की जांच करायी गई तो उसमें फर्जी नामों से अलग-अलग काफी शिकायतें पाई गई। कर्मचारियों ने इस बात का काफी विरोध किया। इस मुद्दे पर यूपी एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट मिनिस्टिरियल सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने उप कृषि निदेशक को दोषी कर्मचारी अरविन्द शर्मा वरिष्ठ प्राविधिक सहायक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही 3 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं की तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार के लिए विवश होगे।

जी हां, यही है मुजफ्फरनगर के उप कृषि निदेशक कार्यालय में चल रही विभाग के कर्मचारियों के बीच की रार का भीतरी सच। विभागीय कर्मचारियों के बीच में छिड़े शीत युद्ध में कृषि विभाग का मुखिया स्वयं कोई निर्णय लेने में असमर्थ सा दिखाई दे रहा है। ऐसे में कृषि विभाग के डेढ़ दर्जन कर्मचारियों ने गुरूवार को डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी व सीडीओ संदीप भागिया को शिकायती पत्र सौंपकर फर्जी शिकायत को करने वाले सहकर्मियों के साथ में काम करने में असमर्थता व्यक्त की है। नगर के मेरठ रोड सुजडू चुंगी स्थित उप कृषि निदेशक कार्यालय विभाग की आपसी खींचतान के चलते लंबे समय से चर्चाओं के केंद्र में है। विभाग के कर्मचारी ही राजनीति के बीच में यदाकदा फर्जी शिकायतें करते रहते हैं। इन्हीं तमाम शिकायतों के आधार पर वर्तमान में उच्चाधिकारी कई मामलों की जांच भी कर रहे है, जिसे लेकर कर्मचारी परेशान है। इन्हीं फर्जी शिकायतों को लेकर कृषि विभाग में बीते दिवस हुए बड़े खुलासे के बाद में सामने आई सच्चाई से सभी सहकर्मी दंग और आक्रोशित हैं। उप कृषि निदेशक कार्यालय में बीते दिवस हुई प्रथम दृष्टया जांच में विभाग के वरिष्ठ सहायक विवेक कुमार के कम्प्यूटर पर कर्मचारियों की काफी शिकायते अंकित पायी गई। कम्प्यूटर पर बनी फाइल में एक सहकर्मी की धर्मपत्नी के नाम से भी विभागीय कर्मचारियों के विरूद्ध शिकायत अंकित है। इस मामले में उप कृषि निदेशक जसवीर सिंह तेवतिया के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कम्प्यूटर की जांच कराई। मामले में कर्मियों में अरविन्द शर्मा व विवेक के खिलाफ रोष है। उधर, यूपी एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट मिनिस्टिरियल सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने मामले में अरविन्द कुमार शर्मा, विवेक कुमार के इस कृत्य पर प्रथम प्राथमिकी संबंधित थाने में दर्ज कराने की मांग करते हुए कहा कि इस कार्य में कार्यालय के राजकीय सामान कम्प्यूटर, प्रिंटर, पेपर एवं समय इत्यादि की बर्बादी का अनावश्यक दुरूप्रयोग करने, विभाग व कर्मचारियों की छवि को धूमिल करने का षडयंत्र रचने का काम किया है। उन्होंने दोनों कर्मचारियों के खिलाफ तीन दिन के अंदर कार्रवाई न होने पर कार्य बहिष्कार कर आंदोलन करने की चेतावनी उप कृषि निदेशक को दी थी, जिसका गुरूवार सायं को समय सीमा समाप्त हो गई है।

नगर में उतरी ठगों की फौज, बना रही बुर्जुगों को निशाना

▶ एक दिन में हुई चार घटनाओं से दहशत, उठी सुरक्षा की मांग

ठगी के मामले को लेकर पुलिस में शिकायत लेकर पहुंचे व्यापारी नेता।

मुजफ्फरनगर, 01 जून (बु.)। नगर क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर लोगों को झांसा देकर उनके गहने एवं कीमती सामान लेकर बदलने-भागने वाला गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। नई मंडी क्षेत्र में बीते दो दिनों में पांच लोग इन ठगों की हाथ की सफाई के शिकार होकर बहुत कुछ गंवा बैठे हैं। गुरूवार को हुई इन घटनाओं से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने लोगों से ऐसे ठगों से सावधान रहने के साथ अफसरों से पुलिस सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। ऐसे मामलों में पीड़ितों की माने तो ठग उन्हें सम्मोहन करने के बाद सामने वाले को इतना कहते हैं कि आप अपने गले में पहनी सोने की चेन व हाथों में पहनी अंगूठी और अन्य धनराशि को निकालकर अपने रुमाल में रख लें। पीड़ित बताते हैं कि झांसे में आने के बाद जैसे ही अपने गले में पड़ी सोने की चेन व हाथ की अंगूठी इनके द्वारा दिए रुमाल में रखते हैं, गुम हो जाती है। गुरूवार को ऐसा मामला एटू-जेड कालोनी फेस-4 के निवासी बालेश गोयल के साथ में हो गया। उक्त घटना में सुबह करीब 9:30 बजे जब वह अपने स्कूटर पर नई मंडी जा रहे थे, रास्ते में टिकैत चौक के पास अच्छी वेशभूषा वाले मोटर साइकिल सवार ने उन्हें रूकने का इशारा किया। रूकने पर उसने स्वयं को वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से नियुक्त सुरक्षा कर्मी बताते हुए कहा कि आगामी तीन दिन बहुत सावधानी रखने के हैं। शहर में कुछ गिरोह सक्रिय हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों से लूटपाट कर रहे हैं, आप सावधान रहें। ऐसे में अपने कीमती सामान अंगूठी, चैन, मोबाइल, पर्स आदि को सम्भाल कर रखिये। उसने कहा कि आपने जो सोने की 2 अंगूठी पहनी है, इसे उतार दो। उन्होंने अंगूठी उतार कर जेब में रखनी चाही, तब उसने कहा, जेब में नहीं स्कूटर की डिग्गी में ज्यादा सुरक्षित रहेगा, लाओ में कागज में लपेट देता हूं। बस उसके हाथ में अंगूठी देते ही, वो दोनों अंगूठी लेकर रफूचक्कर हो गया, जब तक बालेश गोयल समझ पाते तब तक वह ओझल हो चुका था।

मंडी शुल्क चोरी में ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चार वाहन पकड़े

खतौली, 1 जून (बु.)। मंडी शुल्क चोरी करने की सूचना पर एसडीएम सुबोध कुमार ने बुधवार की रात भंगेला चौकी पर चेकिंग अभियान चलाया। लकड़ी लदी कई गाड़ियां पकड़ी, जिनमें कागजों में वजन कम था, लेकिन मौके पर ज्यादा पाया गया। पकड़े गए वाहनों को मंडी चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। बुधवार की रात एसडीएम सुबोध कुमार अपनी टीम के साथ खतौली-बुढ़ाना तिराहा पर पहुंचे। उन्होंने बुढ़ाना होते हुए शामली, पानीपत और सोनीपत जा रहे वाहनों की चेकिंग की। इसके बाद जनपद की सीमा पर स्थित चौकी भंगेला पर चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने एक ट्रैक्टर टाली और तीन गाड़ियां पकड़ी। इनमें लकड़ी लदी हुई थी। जांच करने पर पता चला कि कागजों में वजन कम दशार्या गया है, जबकि गाड़ी में वजन अधिक था। यह मंडी शुल्क चोरी कर रहे थे। सभी वाहनों को मंडी चौकी में खड़ा कराया गया। एसडीएम ने बताया कि लकड़ी से लदी हुई गाड़ियों को कब्जे में लिया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉली चालक के पास कोई कागजात नहीं मिला। एक दूध की गाड़ी को भी पकड़ा गया है। दूध का सैंपल भरवा कर प्रयोगशाला में भेजा गया है।

दहेज में 5 लाख न मिलने पर विवाहिता की हत्या का प्रयास

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। दहेज में 5 लाख रुपये न मिलने पर ससुराल वालों ने एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि मायके में आकर विवाहिता की हत्या का प्रयास किया गया। पीड़िता ने जेठ पर बदनीयत से दबोचने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 15 जनवरी 2023 को मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव भूम्मा निवासी युवक के साथ हुई थी। दहेज में कार, नकदी व सोने चांदी के गहने दिये गए थे। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और 5 लाख रुपयों की मांग कर रहे थे। आरोप है कि जेठ ने उसे घर में अकेला पाकर उसे बदनीयत से दबोचकर रेप का प्रयास किया। वह किसी प्रकार बच पाई। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे मार-पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि 28 मई को ससुराल वाले उसके घर आए और उसके साथ मारपीट करते हुए फांसी लगाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

बीमार को देखने गए व्यक्ति पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। अपने गांव में बीमार परिचित को देखने गए व्यक्ति पर कुछ लोगों ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मोहल्ला रामपुरम निवासी मंजूर अली पुत्र महमूद ने बताया कि वह मूल रूप से मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान का रहने वाला है। पीड़ित ने बताया कि वह अपने गांव में अपने बीमार परिचित को देखने गया था। आरोप है कि वहां जहूरा आदि चार लोगों ने हथियारों से लैस होकर उस पर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार पर आए कुछ लोगों ने उसकी जान बचाई। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जून का पहला दिन भी रहा गुलाबी

▶ अभी तीन चार दिन और रहेगी राहत, इसके बाद बढ़ेगा पारा, तापमान 32.2

गर्मी.... तेज धूप से बचने के लिए छाते का प्रयोग करती युवतियां

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। बीती शाम बौछारों के बाद रात जहां काफी ठंडी रही, वहीं दिन में ठंडी हवाओं के बावजूद धूप के चलते तापमान थोड़ा बढ़कर 32.2 डिग्री तक आ गया। कल शाम 4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

मई में काफी ठंडे मौसम के बाद जून का पहला दिन भी काफी सुकून भरा रहा। बीती शाम चार मिमी बारिश के बाद रात काफी ठंडी रही। आज बादलों की मौजूदगी में धूप ने थोड़ी गर्माहट दी। इसके चलते दिन का तापमान 32.2 डिग्री रहा। इसके बावजूद मौसम काफी खुशनुमा रहा। मौसम विभाग ने अभी राहत का दौर जारी रहने की उम्मीद जताई है। स्काईमेट के अनुसार कल प्रसार थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन 3 जून को हम पहाड़ों और मैदानों सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश की उम्मीद कर सकते हैं। इसके बाद 4, 5 और 6 जून को गतिविधियों में कमी आएगी, लेकिन रुक-रुक कर हल्की तीव्रता की बौछारों से इंकार नहीं किया जा सकता है। 7 जून को बारिश कम होगी और 8 जून से बड़े पैमाने पर क्लियरेंस देखने को मिलेगा। तापमान में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि नहीं होगी, और जबकि बारिश बंद होने के बाद कार्डों पर वृद्धि होगी, गर्मी की लहर की स्थिति जल्द ही होने की उम्मीद नहीं है। इस बार अप्रैल और मई में भीषण गर्मी से राहत रही। आंकड़े के अनुसार पिछले दो माह में तीन चार दिन ही गर्मी रही। लगातार बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते ऐसा हुआ है। मई में छह पश्चिमी विक्षोभ राहत देते रहे, लेकिन अब जून में भीषण गर्मी के साथ तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसके चलते हीट वेव की स्थिति बनेगी।

अंतरिक्ष में मिला नया चांद : पृथ्वी का लगा रहा चक्कर

नई दिल्ली,1 जून (एजेंसी)। अंतरिक्ष में एक चांद है, जिसकी खूबसूरती और शीतलता की हर कोई तारीफ करता है। अब एक नया चांद मिला है। नासा ने इसका खुलासा किया है। इस नए चांद को नासा ने 'क्वासी-मून यानी अर्ध-चंद्रमा' नाम दिया है। इसकी खासियत ये है कि पृथ्वी और सूर्य दोनों का ही चक्कर लगाता है। इसको लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने कई अहम खुलासे किए हैं। आइए जानते हैं इस नए चांद की क्या है खासियत? इसे कैसे पता किया गया? कब तक ये पृथ्वी का चक्कर लगाएगा? नए चांद की पहली झलक 28 मार्च 2023 को देखने को मिली थी। तब वैज्ञानिकों ने इसे पैनस्टार्स टेलिस्कोप से देखा था। इसी के बाद से इस पर वैज्ञानिकों ने अध्ययन शुरू कर दिया। अब जाकर इसकी पुष्टि हुई है। इसका नाम इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन के माइनर प्लैनेट सेंटर की सूची में दर्ज किया गया है। अध्ययन में पता चला है कि ये पृथ्वी और सूर्य दोनों का ही चक्कर लगाता है। हालांकि, सूर्य के गुरुत्वाकर्षण के चलते ये सूर्य की ओर खिंचा रहता है। नासा के मुताबिक, क्वासी मून एक तरह का स्पेस रॉक है। इसका डायमीटर (व्यास) 30-50 फीट हो सकता है। ये हमारे चंद्रमा के व्यास का एक छोटा सा अंश है। ये 2100 साल (100इउ) से पृथ्वी के आसपास ही मौजूद था अब इसकी पहचान हुई है। ये अगले 1500 साल यानी अऊ3700 तक पृथ्वी का चक्कर लगाएगा। इसके बाद ये पृथ्वी की कक्षा छोड़ देगा। इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं होगा। 2023 ऋ13 सूर्य के चारों ओर उतने ही समय में चक्कर लगाता है जितने समय में (365 दिन) पृथ्वी लगाती है, साथ ही ये पृथ्वी के चारों ओर भी चक्कर लगाता है। नासा के अनुसार, क्वासी-मून को क्वासी-सैटेलाइट भी कहा जाता है। ये चंद्रमा की तरह ही पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं। हालांकि, पृथ्वी की जगह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से बंधे होते हैं। इसलिए इन्हें क्वासी कहा गया है। वहीं, चांद पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बंधा होता है। नासा ने इसको लेकर भी एक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, 'नया चांद पृथ्वी के 'हिल स्फीयर' के बाहर चक्कर लगता है। मतलब उस जगह नहीं चक्कर लगाता है जहां ग्रह का गुरुत्वाकर्षण बल सबसे ज्यादा ताकतवर होता है। इसी बल के कारण उपग्रह, ग्रह की ओर खिचते हैं। एक तरफ नए चांद की खोज हुई है तो दूसरी ओर यूएओ की जांच कर रहे नासा के एक पैनल ने लगभग 800 रहस्यमयी घटनाएं दर्ज की हैं।

बुढ़ाना कोतवाली में रखे पटाखों में लगी आग

बुढ़ाना, 01 जून (बु.)। स्थानीय कोतवाली में रखे पटाखों में अचानक से आग लग गई। इससे पहले कोई बड़ा हादसा होता तब तक पुलिसकर्मियों ने भागदौड़ कर आग को बुझा दिया था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र के गांव अटाली में बीते दिनों छापामार कार्रवाई करते हुए कुछ अवैध पटाखे बरामद किए थे, जिसमें कुछ पटाखों के पैकेट कोतवाली में ही रखे हुए थे। आज गुरुवार की देर सांयकाल लगभग 06 बजे अचानक से पटाखों में आग लग गई, तब धुएं का गुब्बार देखकर कोतवाली में पुलिसकर्मियों में अफरा तफरी मच गई, तब उन्होंने सबमर्सिबल पम्प चलवाकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई तथा आग बुझाई। घटनास्थल के पास खडी कार में कुछ नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने का कारण पता नहीं लग पाया है।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 83.50 रुपए तक सस्ता

नई दिल्ली,1 जून (एजेंसी)। 1 जून यानी आज से आपकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी कई चीजें बदल गई हैं। आज से इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदना महंगा हो गया है। इसके अलावा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में कटौती की गई है। हम आपको 1 जून से हुए 5 बड़े बदलावों के बारे में बता रहे हैं। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में करीब 83.50 रुपए तक की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में दाम 1856.50 रुपए से घटकर 1773 रुपए हो गए हैं। कोलकाता में पहले के 1960.50 रुपए के मुकाबले अब 1875.50 रुपए चुकाने होंगे। इसी तरह मुंबई में पहले यह 1808.50 रुपए का म?लता था, जो क? अब 1725 रुपए का मिलेगा। चेन्नई में 2021.50 रुपए से कीमत घटकर 1937 रुपए रह गई है। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

गांजा तस्करों की तलाश में दौड़ी पुलिस

खतौली, 1 जून (बु.)। कस्बे के मौहल्ला देवीदास में गांजा बिकने की सूचना पर खतौली पुलिस ने ताबड़तोड़ छापे मारी कर तस्करों को दबोचने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस को आता देख गांजा तस्कर मौके से भाग कड़े हुए। बता दें कि देवीदास में कच्ची शराब के बाद अब गांजा बेचने का धंधा चरम सीमा पर चल रहा है। गुरुवार को खतौली कोतवाली पुलिस को कस्बे के देवीदास कालोनी में भारी मात्रा में गांजा बेचने की सूचना मिली थी। जिसके बाद ढाकन चौक पुलिस चौकी इंचार्ज कोतवाल मुकेश चौधरी के निर्देश पर अपनी टीम के साथ देवीदास में पहुंचे, जहां उन्होंने गांजा तस्करों की तलाश में दबिश दी। पुलिस की छापेमारी के दौरान गांजा तस्करों के खेमे में खलबली मच गई और गांजा तस्कर पुलिस को आता देख मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तस्करों का पीछा कर उन्हे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लग पाए। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली कि पुलिस ने छापे मारी के दौरान भारी मात्रा में गांजा पकड़ा है, लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। वहीं देवीदास वासियों का कहना था कि कालोनी में कई माह से पुलिस की नाक के नीचे गांजा बेचने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कालोनी वासियों कच्ची शराब की बिक्री पर रोक लगने के बाद अब गांजा का काला कारोबार चल रहा है।

तमंचे की बट मारकर किया घायल

मुजफ्फरनगर, 1 जून (बु.)। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में साईंधाम मंदिर के निकट रहने वाली लक्ष्मी पत्नी धर्मपाल ने बताया कि उसका पुत्र आकाश अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, तभी एक युवक ने उस पर तमंचे की बट से वार कर दिया, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

राठी खाप ने उपेक्षा पर जताई नाराजगी

शाहपुर। सर्वखाप महापंचायत में उपेक्षा से नाराज राठी खाप के चौधरी ने कड़ी नाराजगी जताई। दरअसल, मंच संचालक राठी खाप के चौधरी किशन देव का नाम लेना भूल गये थे। इस बात को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया और राठी खाप से जुड़े लोग मंच से उठ खड़े हुए। बाद में मान मनौवल पर मामला शांत हुआ।

पहली बार सर्वखाप के मंच पर नजर आये राजनेता

शाहपुर। सौरम गांव की सर्वखाप महापंचायत में शुरू से ही कहा जा रहा था कि मंच पर किसी राजनीतिक दल से जुड़े लोगों को स्थान नहीं दिया जायेगा, लेकिन देखते ही देखते मंच पर कई दलों के राजनेता नजर आने लगे, इनमें सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद हरेन्द मलिक, सपा विधायक अतुल प्रधान, रालोद के विधानमंडल दल के नेता विधायक राजपाल बालियान, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक शामिल रहे। इसके बाद कहा गया कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका सम्मान किया गया है। बाद में एक एक कर इन नेताओं ने सर्वखाप के मंच से सरकार के खिलाफ अपनी भड़ास जमकर निकाली। सर्वखाप के मंच पर नेताओं की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। पुराने बुजुर्गों का कहना था कि ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्वखाप के मंच पर राजनेताओं को बोलने की इजाजत दी गई।

सौरम पंचायत को सम्बोधित करते राकेश टिकैत व अन्य तथा मौजूद लोग

100 मोबाइल एप्स को गूगल ने प्ले-स्टोर से हटाया

नई दिल्ली,1 जून (एजेंसी)। एंड्रॉयड फोन में मैलवेयर अटैक बहुत ही आम बात है। प्रत्येक कुछ दिन पर गूगल मैलवेयर वाले एप्स को अपने प्ले-स्टोर से डिलीट करता है। प्ले-स्टोर पर एप के पब्लिश होने से पहले भी एप की स्क्रिनिंग होती है लेकिन मैलवेयर वाले एप्स को रोकने में सारी कोशिशें बेकार हो रही हैं। कुछ दिन पहले ही दो-तीन एप्स प्ले-स्टोर से इसी वजह से हटाए गए हैं और अब एक बार फिर से 100 से अधिक एप्स में मैलवेयर मिलने की खबर है।

गूगल ने 2 हजार से भी ज्यादा मोबाइल एप को अपने प्ले स्टोर से हटाया है। यह एप पर्सनल लोन ऑफर कर रहे थे और फिर रिकवरी के लिए लोगों को ब्लैकमेल तक करते थे। दरअसल, भारत सरकार पर्सनल लोन देने वाले एप पर सख्ती बरत रही है और अब इस तरह के एप को लोन देने की इजाजत नहीं है। इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक ने गूगल से जवाब भी मांगा था। जिसके जवाब में गूगल ने 2000 से अधिक पर्सनल लोन देने वाले एप को बैन किया है। गूगल ने पर्सनल लोन देने वाले एप पर प्रतिबंध लगाया है, जो लोन के नाम पर संवेदनशील डाटा, जैसे फोटो और कॉन्टैक्ट तक पहुंच प्राप्त करते हैं। वहीं गूगल के नियम के अनुसार, उन एप को बैन किया गया है, जो सीधे यूजर्स को पर्सनल लोन ऑफर करते हैं। साथ ही जो एप लीड जेनरेटर हैं और ग्राहकों को थर्ड पार्टी लोनिंग से जोड़ते हैं, को बैन किया गया है। डॉ वैब ने ब्लिपिंगकंप्यूटर की साझेदारी में एक रिपोर्ट जारी कि है जिसमें दावा किया गया है कि गूगल प्ले-स्टोर पर फिलहाल 100 से अधिक मोबाइल एप्स हैं जिनमें मैलवेयर है। रिपोर्ट के मुताबिक इन एप्स में खतरनाक मैलवेयर है। इस मैलवेयर वाले 100 एप्स की कुल डाउनलोडिंग 400 मिलियन से अधिक हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एक ट्रोजन मैलवेयर है। बैंक बिंगो स्लॉट, बिंगो-जे, जेली कनेक्ट, मेगा विन स्लॉट, लकी क्लोवर बिंगो, जैकपॉट किंग - कॉइन पुशर, आउल पॉप मैनिया, डेली स्टैप, गेट रिच स्कैनर, स्टार क्विज, लकी जैकपॉट पुशर तथा प्री प्रो - एल फोटो एन्हांसर।

महिला पहलवानों पर आज कुरूक्षेत्र ...

देश की इन पहलवान बेटियों को इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में समाज के चौधरी और देश के संत महात्मा हमारे साथ हैं। अगर आरोपियों के पक्ष में यात्रा निकलेगी तो हमारी भी यात्रा निकलेगी। हमारे ट्रैक्टर बेटियों को इंसाफ दिलाने के लिए तैयार हैं। पहलवानों के लिए देशभर में जाकर बैठक की जाएगी। सरकार ने सहारनपुर में गुर्जर और ठाकुर समाज को लड़ाने की चाल चली है। दोनों समाज के लोग एक हो जाएं। सरकार की चाल को समझें। योद्धा किसी बिरादरी के नहीं होते। योद्धा सर्व समाज के होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में भी जातिगत आधार पर बांटने का काम कर रही है। देश में आंदोलन कर रही महिला पहलवानों की पहचान उनकी जाति नह